ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 13 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-57 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

आईपीएल 2024 में खेलते नजर आ ... पेज 12 पर



## गागर में सागर

### चतरा जिले में ब्राउन शुगर व गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**चतरा।** जिले के वशिष्टनगर थाना क्षेत्र से पुलिस टीम ने ब्राउन शुगर और गांजे के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इससे पहले डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम के नेतृत्व में टीम ने चतरा-गया मुख्य पथ पर वशिष्टनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगुरूवा टोल प्लाजा के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान हुंडई कंपनी के (बिना नंबर) के वेन्यू कार से तस्करी के लिए ले जा रहे चार तस्करों को ब्राउन शुगर और गांजे के साथ पकड़ा। तस्कर वशिष्ट नगर थाना क्षेत्र के जोरी एवं कुंदा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों से 10 ग्राम ब्राउन शुगर और प्रतिबंधित गांजा, विभिन्न कंपनियों के तीन स्मार्टफोन, ब्राउन शुगर पीने में प्रयुक्त 10-10 के नोट के सिगरेट नुमा दो रोल, सिल्वर पेपर का टुकड़ा, ब्राउन शुगर पीने में प्रयुक्त पांच का सिक्का, तीन लाइटर व सोलह हजार पांच सौ रुपये नकद समेत तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया है। डीएसपी मुख्यालय ने बताया कि गिरफ्तार सभी तस्करों से पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20-20 साल की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने मंगलवार को 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के तीनों दोषियों को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।रांची पॉक्सो की विशेष अदालत ने सोहन कुमार, इरशाद अंसारी और कुदुस अंसारी को सात दिसंबर को दोषी करार दिया था। अदालत ने दोषियों को 20-20 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि पीड़िता को दी जाएगी। दोषी सोहन कुमार नाबालिग छात्रा से एकतरफा प्यार करता था। जनवरी 2022 में पीड़िता जब अपनी दो सहेलियों संग मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, तभी एक कार में सवार तीनों दोषियों ने पीड़िता को जोर-जबरदस्ती से कार में बैठकर अपहरण कर लिया और सुनसान जगह पर ले जाकर सभी ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। एक आरोपित का मोबाइल गिर जाने पर गाड़ी रोकी गई। तभी पीड़िता आरोपितों के चुंगल से बचकर भाग निकली और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद चान्हो थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई।

### हाई कोर्ट ने गृह सचिव और डीजीपी को 19 दिसंबर को किया तलब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने एवं इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने गृह सचिव और डीजीपी को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। अब अदालत इस जनहित याचिका पर 19 दिसंबर को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि अब तक कई जिलों में पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने बताया कि रांची, रामगढ़, पलामू और हजारीबाग में पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है। बोकारो में मुआवजा देने के लिए फंड जारी कर दिया गया है।

### नक्सलियों ने की गुदड़ी के पूर्व उप प्रमुख की हत्या, घटनास्थल पर छोड़ा पर्चा

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला गुदड़ी प्रखंड में पूर्व उप प्रमुख कमल पूर्ति की हत्या की जिम्मेदारी मंगलवार को भाकपा माओवादियों ने ली है। माओवादियों ने पुलिस मुखबिर के आरोप में कमल पूर्ति की हत्या की है। हत्या के बाद माओवादियों ने रायगढ़ा गांव से कुछ दूर मुख्य सड़क पर हस्तलिखित पर्चे छोड़े हैं, जिसमें पुलिस का एसपीओ बताकर सजा देने की बातें लिखी गयी हैं। हालांकि, अभी तक पुलिस की टीम घटनास्थल नहीं पहुंची है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस को घटनास्थल पर पहुंचने में वक्त लग सकता है। माओवादियों ने सोमवार दोपहर को घटना को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक कमल पूर्ति नक्सलियों के भय से अपना गांव रायगड़ा छोड़कर सोनुआ में किराये के मकान में रह रहा था। सोमवार को अपने गांव रायगड़ा पहुंचा था। बताया जाता है कि कमल पूर्ति सोमवार सुबह 11 बजे घर से किसी काम से बाहर निकला था। इस बीच रास्ते में माओवादी दस्ते से भेंट हो गयी और रास्ते में ही दस्ते ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

# आशीर्वाद योजना में महिलाओं को अब 50 हजार मिलेंगे : मुख्यमंत्री

- राज्य में कोई घर नहीं होगा, जहां सरकार की योजना न हो
- लाभ से वंचित लोग पंचायतों में लग रहे शिविरों में जाएं




**रांची/दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दुमका में कहा कि राज्य में कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां सरकार की कोई न कोई योजनाएं नहीं पहुंची हो। इसका उद्देश्य लोगों सशक्त बनाना है। इसी क्रम में फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए अब 10 हजार रुपये की बजाय 50 हजार रुपये देने का निर्णय सरकार ने लिया है। अबुआ सरकार आपके सुख दुख में हमेशा आपके साथ है। मुख्यमंत्री दुमका प्रखंड के गादी कोरैया पंचायत स्थित बड़ा ढाका में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अबतक किन्हीं वजहों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं तो वह 24 नवंबर से चल रहे इस कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लग रहे शिविरों में जाएं और आवेदन दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विभिन्न माध्यमों से ग्रामीण उद्यमिता और आजीविका को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी को भरोसा दिलाता हूं कि अबुआ सरकार जन आकांक्षाओं और उम्मीदों हर हाल में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने कहा कि हम अबुआ आवास योजना के 8 लाख गरीबों के अपने आशियाना के सपने को पूरा करने जा रहे हैं। 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज दे रहे है और अब चना दाल देने का भी सरकार ने निर्णय लिया है। हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को दे रहे सामाजिक सुरक्षा मुख्यमंत्री ने कहा कि बुढ़ापा में पेंशन जीने का सहारा होता है। इस वजह से अबुआ सरकार हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। कोई भी योग्य पात्र पेंशन से वंचित न रहे, इसके लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम को हमने शुरू किया है। 1035.10 करोड़ की 5358 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 1035.10 करोड़ रुपये की 5358 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया । इसमें 835.71 करोड़ रुपये की 5308 योजनाओं की नींव रखी गई जबकि 199.38 करोड़ रुपये की 50 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। साथ ही विभिन्न योजनाओं के 34077 लाभुकों के बीच 53 करोड़ 23 लाख 10 हजार रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गईं।

## गृह परिसर में जमीन के अंदर जेवरात छुपा कर रखने की है आशंका

# सांसद के घर जीओ सर्विलांस से जांच शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के रांची स्थित आवास में जमीन के अंदर भी जेवरात छुपाये जाने की सूचना मिली है। इस सूचना के बाद आईटी की टीम मंगलवार की शाम जीओ सर्विलांस सिस्टम से सांसद के घर के कैम्पस की जांच शुरू कर चुकी है। छापेमारी के छठे दिन इनकम टैक्स की टीम ने मशीन से धीरज साहू के कैंपस की जांच शुरू की। बताया जा रहा है की जमीन के अंदर भी काफी कुछ दबा हुआ है। बताया जा रहा है कि जीओ सर्विलांस मशीन के द्वारा जमीन के अंदर अगर हीरे-जेवरात दबाकर रखे गए होंगे या फिर कोई मेटल दबा कर रखा गया होगा तो उसकी जानकारी मिल जाएगी। आईटी की टीम धीरज साहू के रांची से आवास के पूरे कैंपस की गहराई से जांच कर रही है। जांच से पूर्व ही इनकम टैक्स के अफसरों ने आवास के बड़े परिसर में अंधेरा कर दिया। मशीन का प्रयोग करने से पहले आवास के सभी लाइट और बत्तियां बंद कर दी गई है। जिसके बाद पूरे कैंपस की जांच मशीन के द्वारा शुरू की गई है। इसके पूर्व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



**रांची स्थित आवास परिसर की सभी लाइट और बत्तियां बंद कर दी गई हैं**

**सोमवार तक नोटों के अलावा 17 किलोग्राम आभूषण भी मिल चुके थे**

### पीएम का कटाक्ष : भारत में 'मनी हीस्ट' फिक्शन की जरूरत किसे



**नई दिल्ली ।** राज्यसभा सांसद धीरज साहू के परिसर से 300 करोड़ रुपये से अधिक की भारी नकदी की बरामदगी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर कांग्रेस पर कटाक्ष किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में, किसे 'मनी हीस्ट' की जरूरत है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है, जिसकी डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और गिनती बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री के चुटीले जवाब में लोकप्रिय नेटफ्लिक्स सीरीज 'मनी हीस्ट' का जिक्र है। पीएम मोदी ने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि भारत में किसे 'मनी हीस्ट' फिक्शन की जरूरत है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है, जिसकी डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और गिनती बढ़ती जा रही है। इसके साथ पीएम ने भाजपा के हैंडल से पोस्ट की गई वीडियो को भी शेयर किया।

## भविष्य के राजनीति की संदेश देती राजस्थान व मप्र की घटनाएं

– कृष्णमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** कई घटनाओं की कड़ियां जोड़कर एक जगह रखने से जो तस्वीर बनती है, वह वर्तमान सत्ता राजनीति को समझने का एक महत्वपूर्ण पहलू बन सकती है।

1-राजस्थान के भरतपुर के मूल निवासी 56 वर्षीय पंडित भजनलाल शर्मा पहला चुनाव बागी होकर लड़े थे, जमानत जब्त हो गई। दूसरा चुनाव जयपुर के सांगानेर विधानसभा से (मजबूत भाजपा विधायक का टिकट काटकर) लड़ाया गया, जीते और राजस्थान का मुख्यमंत्री बना दिए गये। पालिटिकल साइंस में एमए हैं। जिन नेता ने उनको सीएम बनवाया वो इंटरनेशनल पालिटिक्स में एमए हैं। इनके नाम का प्रस्ताव दो बार मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे सिंधिया से कराया गया। राजपूत दीया कुमारी और दलित प्रेमचंद बैरवां को उपमुख्यमंत्री बनाया गया।

2-मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार 12 दिसंबर को अपने आवास पर समर्थकों से मिल रहे थे। उनसे मिलने बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची थीं। महिलाएं उनके गले लग फफक-फफक कर रो पड़ीं। रोते हुए कहने लगीं - आप सबके चहेते हो, हमने आपको वोट दिया था। इसके बाद शिवराज ने कहा - मैं भी कहीं नहीं जा रहा। शिवराज से एक महिला ने कहा कि एमपी की बहनों ने आपको चुनने के लिए वोट दिया था। 3-मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता की। पत्रकारों ने शिवराज से मुख्यमंत्री पद को लेकर एक सवाल पूछा। इसके जवाब में शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मुझसे उस दिन इस संदर्भ में पूछा गया कि बाकी दिल्ली में हैं, आप दिल्ली जाएंगे क्या? एक बात मैं बड़ी विनम्रता से कहता हूं कि अपने लिए कुछ मांगने जाने से बेहतर, मैं मरना समझूंगा। वो मेरा काम नहीं है। शिवराज ने कहा, ..मैंने माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से आग्रह किया है कि मुझे प्रतिदिन पौधरोपण करने दें और उसके लिए मुझे जगह मिलती रहे। तीनों दृष्टांतों को मिलाकर देखें तो जो तस्वीर उभरती है...वह बताती है कि भाजपा कई स्थापित राजनीतिक वर्जनाओं को तोड़ रही है। साथ ही जातीय जनगणना के राष्ट्रव्यापी होते मांग के बीच भाजपा अपने सोशल इंजीनियरिंग का मॉडल पेश कर रही है। राजस्थान में भाजपा बता रही है कि पार्टी से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भजनलाल होंगे राजस्थान के नए सीएम

### प्रेमचंद बैरवा और दीया कुमारी डिप्टी मुख्यमंत्री



**जयपुर।** राजस्थान के नए मुख्यमंत्री को लेकर भी भाजपा ने चौंकाने वाला फैसला किया है। राजस्थान के नए मुख्यमंत्री की कमान सांगानेर विधायक भजनलाल शर्मा को सौंपी गई है। वहीं, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हुई विधायक दल की बैठक में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने भजनलाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा। इस नाम पर सभी विधायकों ने सहमति जता दी, वहीं, अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी को विधानसभा स्पीकर बनाया गया है। इसके पूर्व दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर कई दौर की बैठक और मंथन के बाद मंगलवार शाम 4 बजे राजस्थान भाजपा मुख्यालय पर विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में भजन लाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा गया, इसे सभी ने पास कर दिया। बता दें कि भजनलाल शर्मा वर्तमान में सांगानेर से विधायक के साथ ही प्रदेश भाजपा के महामंत्री हैं। इस बैठक के दौरान पार्टी के तीनों पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पाण्डेय, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, भाजपा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## विस की सामान्य सीटों पर भी लड़ाती है ओबीसी उम्मीदवार

# पलामू में भी भाजपा ओबीसी वर्ग को देती है तरजीह

**मप्र में नये सीएम चयन से ओबीसी राजनीति पर भाजपा के मास्टर स्ट्रोक से विपक्षी गठबंधन में खलबली**

अखिलेश चौबे







**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव सहित उत्तर भारतीय राज्यों के विधान सभा चुनावों में भी भाजपा की लगातार हो रही प्रचंड जीत में ओबीसी वोटरों की निर्णायक भूमिका रही है। ओबीसी वोटरों की महत्ता को देखते हुए भाजपा चुनावों में भी ओबीसी वर्ग को समुचित तरजीह देती रही है। पलामू भी इससे अछूता नहीं है। जिला अंतर्गत सामान्य वर्ग के लिये आरक्षित विश्रामपुर, पांकी, डालटनगंज आदि विधान सभा सीटों पर ओबीसी कैंडिडेट देना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसका नतीजा भी पार्टी के लिये उम्दा रहा है। झारखंड के पिछले विधान सभा चुनाव में इन सामान्य सीटों पर ओबीसी समुदाय से आने वाले क्रमशः रामचंद्र चंद्रवंशी, डा. शशिभूषण मेहता व आलोक चौरसिया ने भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी। इसके अलावा भाजपा संगठन में भी पिछड़ा वर्ग को समुचित भागीदारी दी जाती रही है। चुनाव बाद हुये तमाम सर्वेक्षणों में भी पिछड़े वर्ग का सर्वाधिक वोट भाजपा को मिलने की बात सामने आती रही है। इसे देखते हुये विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के शिल्पकार बिहार के सीएम नीतीश कुमार व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के एक वर्ष पहले पिछड़े वर्ग का वोट भाजपा के पाले में जाने से रोकने के लिये बिहार में जातिगत जनगणना व उसके आधार पर नया आरक्षण विधेयक लाकर तुरुप के इक्के का प्रयोग किया। उनके इस कदम ने भाजपा के थिंक टैंक को भी एक बार सोचने के लिये विवश कर दिया था। इसके बाद विपक्ष को करारा जबाब देते हुये भाजपा ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**पलामू में जाति-वर्ग से परे होता है मतदान**

मतदान के मामले में पलामू का झारखंड में विशेष पहचान रही है। सामान्यतः यहां के लोग जाति-धर्म से परे कैंडिडेट व दल को ज्यादा महत्व देते हैं। कांग्रेस से मोहभंग होने के बाद से ही सामान्य वर्ग भाजपा का कैडर वोटर माने जाते हैं। यही कारण है कि सामान्य सीटों पर उम्मीदवार किसी भी वर्ग का हो सामान्य वर्ग का अधिकांश वोट भाजपा को मिल ही जाते हैं।

# जानलेवा या जरूरी हैं धरती के नकली भगवान ?



सुनील बादल




**कल** चतरा के पिछड़े इलाके में एक झोलाछाप डॉक्टर ने एक बच्चे की गलत इंजेक्शन लगाकर जान ले ली। ऐसा झारखंड ही नहीं देश के अनेक राज्यों में होता रहता है। हमें ऐसे समाचारों की आदत सी हो गई है पर विकसित देशों की बात करें तो ऐसा होना बहुत ही बड़ी घटना मानी जाती। गत वर्ष मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा ने कहा था कि झोला छाप डॉक्टरों की प्रैक्टिस को मानवाधिकारों का उल्लंघन के मामले में सबसे खतरनाक उदाहरण है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे डॉक्टर पर कड़ी नजर रखने और नियमित अंतराल पर जांच करने का भी निर्देश दिया था । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने झोलाछाप डॉक्टर को लेकर राज्य सरकार से ऐसे डॉक्टरों को रोकने के लिए आयोग को एक योजना प्रस्तावित करने और ऐसे डॉक्टरों को प्रैक्टिस करने से रोकने के लिए कहा था। राज्य सरकार की तरफ से उन्हें आश्वासन दिया गया था कि झोलाछाप डॉक्टरों को विभिन्न जिलों में प्रैक्टिस करने से रोकने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस मामले में एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि जहां सरकार या निजी स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों की पहुंच से बाहर हैं वहां यही लोग कई बार लोगों की जान तक बचाते हैं पर यह एक पहलू है और दूसरा पहलू यह है कि ये लालच में बिना किसी तकनीकी या चिकित्सीय ज्ञान के प्रसव भी कराते हैं और ऑपरेशन तक करते हैं जिससे अनेक भोले-भले लोग मारे जाते हैं जो इन्हें डॉक्टर साहब समझते हैं क्योंकि ये बड़े-बड़े बोर्ड में यही लिखवाते हैं । झारखंड इंडियन मेडिकल एसोशिएशन के महासचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह बताते हैं कि इन फर्जी डॉक्टरों के बिगाड़े हुए केस किसी न किसी डॉक्टर के पास आते हैं जिससे बदनामी उस डॉक्टर कि होती है कई बार मारपीट तक उनसे की जाती है । झोला छाप या बिना मान्यता चलने वाले अस्पतालों पर रोक के लिए भारत सरकार ने क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 बनाया था पर इसको भी कॉर्पोरेट मेडिकल कंपनियों के हित में 27 अनापत्ति प्रमाण पत्र की शर्त लगाकर व्यावहारिक बना दिया गया और झारखंड में इसे बिना किसी सुधार के 30 मई 2013 से लागू कर दिया गया है जबकि सुधार का प्रावधान था । इस एक्ट के तहत सभी सरकारी, गैर सरकारी अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर को निबंधित होना जरूरी है। अस्पताल आने वाले हर मरीज का इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड और मेडिकल हेल्थ रिकॉर्ड अस्पताल प्रशासन के पास सुरक्षित होना चाहिए। सरकारी नियम मेटरनिटी होम्स, डिस्पेंसरी क्लीनिक्स, नर्सिंग होम्स, एलोपैथी, होम्योपैथी और आयुर्वेदिक से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं पर समान रूप से लागू होता है। हर अस्पताल, क्लीनिक्स का खुद का रजिस्ट्रेशन भी जरूरी है, जिससे ये सुनिश्चित किया जा सके कि वहां मरीजों को न्यूनतम सुविधाएं और सेवाएं मिल रही हैं। किसी रोगी के इमरजेंसी में पहुंचने पर उसको तुरंत स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवानी जरूरी है। प्रत्येक अस्पताल अपनी सेवाओं की कीमत केंद्र सरकार के निर्धारित सीमाओं के भीतर ही लेना है। स्वास्थ्य सुविधाओं के एवज में ली जा रही कीमत अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में चस्पा करना होगा। प्रावधानों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## महिलाओं को आगे कर ग्रामीणों ने किया हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

# पलामू में माइंस से ढुलाई शुरू कराने गयी प्रशासनिक टीम पर पथराव

नवीन मेल संवाददाता

**नौडिहा बाजार।** नौडिहा बाजार में खदान चालू कराने गयी प्रशासनिक टीम पर सोमवार देर शाम ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। घटना में एक महिला व दो पुलिसकर्मी घायल हो गये। आक्रोशित ग्रामीणों को अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया कि लाइसेंसी माइंस को सिर्फ इस आधार पर नहीं रोका जा सकता कि उससे सड़क खराब होने की संभावना है। क्योंकि इससे कहीं भी खदान नहीं चल पाएंगे । ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि सड़क यदि खराब होगी तो उसे बनवा दिया जाएगा पर सारे प्रयास विफल होने पर उन्हें तितर-बितर करने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



**मजिस्ट्रेट व अनुमंडल पदाधिकारी को भी लगी चोट**

बताया जाता है कि मामले में मजिस्ट्रेट सुरेंद्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी व सीओ को भी चोटें आई हैं। एक कांस्टेबल के हाथ में चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं।

सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। विस्तृत जांच के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**हीरा कुमार, एसडीओ छतरपुर**

**17 नामजद, 200 अज्ञात पर मामला दर्ज**

डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि मामले में 17 लोगों को नामजद किया गया है। इसके साथ ही 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## गागर में सागर

### धार्मिक न्यास बोर्ड के चेयरमैन को दी बधाई

**हुसैनाबाद।** झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के चेयरमैन जयशंकर पाठक से हैदरनगर देवीधाम न्यास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। देवीधाम न्यास समिति के उपाध्यक्ष विवेकानन्द सिंह ने कहा कि हिंदू न्यास समिति की पहल से मंदिर परिसर की सुरक्षा एवं यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी। देवीधाम समिति के सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, सदस्य कृष्ण गुप्ता आदि मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ व एमपी में सीएम के ऐलान पर कंबल वितरण

**हुसैनाबाद।** छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में नये सीएम के नामों की घोषणा पर खुशी जताते हुये महूदंड पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय प्रसाद यादव ने मंगलवार को जेपी चौक पर जरूरतमंद व गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने नये मुख्यमंत्रियों को शुभकामनायें भी दी हैं। मौके पर निर्मल यादव, वरूण कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,मनोज गुप्ता, रविरंजन सिंह, योगेंद्र कुमार, सुरेश प्रसाद यादव, मनीष यादव आदि उपस्थित थे।

### कुल्ही में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुर्नगठन


बैठक में शामिल मुखिया व अन्य

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुल्ही परिसर में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकरी के निर्देशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य का पुर्नगठन किया गया। जोगा मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अध्यक्ष पद के लिए उपेंद्र कुमार चौधरी का चयन किया गया। इसी क्रम में उपाध्यक्ष सुनीता देवी व संयोजिका फूलवंती देवी बनाई गईं। सदस्य के रूप में मनिता देवी, शोभा देवी, फूलकुमारी देवी, सुनीता देवी, सविता देवी, मनोज कुमार चौधरी, रमेश चौधरी, शैलेंद्र कुमार चौधरी, विनोद कुमार चौधरी, सुनील पाठक का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में पर्यवेक्षक के रूप में कपिलदेव चौधरी मौजुद थे।

### ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल शुरू

# डाकघरों में लटके ताले नागरिकों को रही परेशान

**क्षेत्र में आठ से दस घंटा डयूटी लिये जाने के बाद भी अब तक चार घंटे का ही मजदूरी दिया जा रहा है : ग्रामीण डाक सेवक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर हैदरनगर उप डाकघर अंर्तगत 13 शाखाओं में कार्यरत ग्रामीण डाक सेवक मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इससे इन शाखा डाकघरों में ताला लटक गया है। जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले दिन स्थानीय उप डाकघर में ग्रामीण डाक सेवकों ने नौ सूत्री मांगों को लेकर जोरदार तरीके से धरना-प्रदर्शन किया। सचिव संजय शर्मा के नेतृत्व में शाहीद अनवर, प्रदीप कुमार, सोनू कुमार सिंह, रामबाबू सिंह, इंद्रजीत पाल, राहुल कुमार, पंकज कुमार, इनाक्षी कुमारी, पूजा भारती, परशुराम बड़ाईक, मुन्ना पाठक, शिवबचन सिंह, उदय सिंह, सुशील सिंह, अजीत कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि ने बताया कि उनसे क्षेत्र में आठ से दस घंटा डयूटी लिये जाने के बाद भी अब तक चार घंटे का ही मजदूरी दिया जा रहा है। प्रमुख मांगों के संबंध में उन्होंने बताया कि आठ घंटे की मजूदरी सहित पेंशन का लाभ देने, नियमित कर्मियों को 12, 24 व 36 वर्ष का लाभ लागू करने, पांच लाख का ग्रुप बीमा करने, विभागीय कर्मियों के समान जीडीएस ग्रेच्युटी में वृद्धि करने, 180 दिनों तक सवेतनिक छुट्टी बढ़ाने व नगदीकरण करने, सभी योजनाओं के कार्यों का मूल्यांकन के आधर पर वेतन वृद्धि करना शामिल है। डाक सेवकों ने कहा कि मांगों को माने जाने तक आंदोलन जारी रहेगा।



प्रदर्शन करते ग्रामीण डाक सेवक

### जांच कर ग्रामीणों का किया गया उपचार

**छतरपुर।** समाजसेवी रघुराज प्रसाद की तृतीय पुण्य तिथि पर मां ललिता अस्पताल सरईडीह रोड छतरपुर के संस्थापक डा. मुरली मनोहर प्रसाद व डा. संतोष प्रसाद के द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों की जांच कर उनका उपचार किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को उपयोगी जानकारी भी दी। मौके पर उपस्थित नगर पंचायत छतरपुर के भावी चेयरमैन उम्मीदवार इं. सुरेश कुमार ने स्व. रघुराज प्रसाद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये आयोजन की सराहना की। मरीजों को दवा भी प्रदान किया गया।



श्रद्धा सुमन अर्पित करते अतिथि

### तीन लाख आठ हजार रुपये का जुर्माना

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी 10 लोगों पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर 10 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पकड़ा। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ हुसैनाबाद थाने में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन पर तीन लाख आठ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो भी मौजूद रहे।


काल्पनिक फोटो

## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू)

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

गृह रक्षकों के नवनामांकन प्रक्रिया संबंधी दिनांक–08.12.2023 को पीपरा प्रखण्ड (पुरूष) की शारीरिक जाँच व हिन्दी लेखन दक्षता परीक्षा को मैदान में जलभराव व अन्य कारणों से संशोधित किया जाता है। पीपरा प्रखण्ड हेतु होने वाली शारीरिक जाँच व हिन्दी लेखन दक्षता परीक्षा की नई तिथि निम्नवत् है :–

| क्रमांक | प्रखण्ड | पूर्व की तिथि | नई तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | पीपरा | 08.12.2023 | 20.12.2023 |

ह0/
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
गृह रक्षक नवनामांकन समिति,पलामू

PR313235 (Palamu)23-24*D

## जिला खनन कार्यालय, गढ़वा

Category - B सोन बालू घाट–6 का MDO चयन हेतु पूर्व में प्रकाशित ई–वित्तीय निविदा PR 310438 को रद्द करने संबंधी सूचना की विवरणी :–

| कम सं0 | अंचल | रकबा (हेक्टेयर में) | Yearly production as per EC Limit (CUM) | E-Tender reference No. | बेवसाईट पर ई– वित्तीय निविदा प्रकाशन की तिथि | ई– वित्तीय निविदा प्राप्ति की तिथि | निविदा रद्द करने की तिथि | नियम एवं शर्त्तें | निविदा आमंत्रित/रद्द करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पत्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | | 8 | 9 |
| 1 | खरौंधी एवं केतार | 44.7 | As per DSR report | [garhwa/MDO/14/2023][2023_GAMD_71801_1] | 01.11.2023 | 09.11.2023 | 08.12.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी गढ़वा। |

PR.NO.313230 Mines and Geology(23-24):D

जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा।

## प्रतियोगिता — कठौतिया माइंस ने किया गुरूकुल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# पुरस्कार से मिलती है और बेहतर करने की प्रेरणा: बीडीओ

**पुरस्कार मिलने से और बेहतर करने की प्रेरणा जागृत होती है : बीडीओ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा मानवाधिकार सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को पाटन मोड़ स्थित गुरूकुल स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पड़वा प्रखण्ड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता व संचालन सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि पुरस्कार मिलने से और बेहतर करने की प्रेरणा जागृत होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत भाषण यह साबित कर रहा है कि गुरूकुल स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका बच्चों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उन्हें संवारने में जुटे हुए हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों को रटंत नहीं बच्चों में समझ विकसित हो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि कभी भी भेदभाव की दृष्टिकोण से किसी को न देखें। अमीर गरीब सभी जाति धर्म के लोगों को जीने का समान अधिकार है। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बच्चों को के मानवाधिकार विषय पर प्रतियोगिता आयोजित करने की सराहना की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति निरंतर संवेदनशील होकर काम करतीं हैं। बच्चों की प्रतिभा विकसित हो इसी उद्देश्य को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार को प्रथम, लक्ष्मी कुमारी को द्वितीय व शिवम कुमार मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तीनों सफल प्रतिभागियों को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने पुरस्कृत किया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी दिया गया। इस मौके पर सुमित कुमार, अदिति, लोकेश कुमार,अनुज सिंह, कृष्णा पाठक, सीमा श्रीवास्तव,रूपेश सिंह, साकेत पांडेय,सहेन्द्र साव, नेहा, संध्या, अभिलाषा, अनु, विजयालक्ष्मी, प्रिंस सिंह, देवेन्द्र सिंह , चंदन मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।



प्रतिभागियों को पुरस्कार देते बीडीओ

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं० 08/2023–24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15वें वित आयोग के तहत नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत सफाई संयत्रों का कय किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संयत्रों के कय के कम में नगर पंचायत लातेहार के निविदा समिति द्वारा कय किये जाने वाले सभी संयत्रों के Specification की स्वीकृति प्रदान हो जाने के उपरान्त संबंधित सभी संयत्रों का कय नगर पंचायत लातेहार द्वारा बाद में निविदा के माध्यम से GEM Portal से की जायेगी। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता निचे दिये गये विवरण एवं स्वीकृत दर अनुसार कय किये जाने वाले सफाई संयत्रों का Only Specification मूहरबन्द लिफाफे में दिनांक 22.12.2023 के अपराहन् 2.30 बजे तक नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते है। मुहरबन्द लिफाफे में Specification के साथ संबंधित फर्म/ आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता को पेनकार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, जी0 एस0टी0 रिर्टन जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही संबंधित कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा।

**संयत्रों का विवरण**

| क0 सं0 | सफाई संयत्रों का विवरण | Details of Specification | सरकार द्वारा सभी कर (Tax) सहीत स्वीकृत दर |
|---|---|---|---|
| 01 | Cold Fogging Machine | | 28.00 Lac |
| 02 | Drain Suction Machine | | 18.00 Lac |
| 03 | Mobile Toilet Ven | | 8.00 Lac |
| 04 | J.C.B. Machine With Registration and Insurance | | 38.00 Lac |
| 05 | Moduler Urinal | | 15.90 Lac |

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR.NO.313299 Urban Development(23-24):D

### कार्डधारकों की शिकायत पर बीएसओ ने की कार्रवाई

# तीन माह के राशन गबन के आरोप में उजाला समूह पर प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददााता**

**ऊंटारी रोड।** ऊंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत ग्राम डेवडर के जन वितरण प्रणाली समूह उजाला एसएचजी के खिलाफ जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चलें कि उक्त समूह के राशन कार्ड धारियों ने तीन माह के राशन गबन का आरोप लगाया था। मामले को संज्ञान में लेते हुये प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा संबंधित समूह को जांच के उपरांत निलंबित किया गया था। जांच में उक्त समूह पर 82 क्विंटल राशन रिकवरी का आदेश पारित किया गया था। जिस पर समूह द्वारा 40 क्विंटल राशन की भरपाई की गयी थी। शेष खाद्यान्न की भरपाई के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने 28 अक्टूबर को जारी आदेश में दो दिनों का समय दिया था। इसके बाद भी समूह द्वारा शेष खाद्यान्न की भरपाई नहीं की गयी। इस पर राज्य खाद्य आयोग ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया। जिसके आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने मंगलवार को स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,लातेहार

**राजसात वाद संख्या–03/2021**

नोटिस बनाम्

कन्हाई यादव पिता–प्रभू यादव
सा0–चुटिया, थाना–महुआडॉड़, जिला–लातेहार :–अपीलार्थी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में दायर राजसात अपील में बार–बार नोटिस देने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित रह रहे हैं।

अतः आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वाद की सुनावाई हेतु निर्धारित अगली तिथि 22.12.2023 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा अभिलेख में संलग्न दस्तावेज के आधार पर वाद में अंतिम निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 313262 District(23-24).D

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, चतरा।

*Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

आसन्न लोक सभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के स्टेशनरी/मुद्रण/टेन्ट सामग्री/बक्सा/ट्रंक क्रय व मरम्मति के लिए दर निर्धारण एवं सेवा प्राप्ति से संबंधित कार्यालय पत्रांक–639/जि0निर्वा0, दिनांक–29.11.2023 के द्वारा प्रकाशित निविदा विज्ञाप्ति **PR-312321 (Election) 23-24(D)** अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 313237 (Election) 23-24 (D)

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय, लोहरदगा

**आवश्यक सूचना**

Millenium Skill Assessor Private Limited, के निम्न प्रकार के रिक्तियाँ अंकित है।

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required | Age | Experience | Pay Scale | Job Location | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Security Guard | 1000 | 10th pass | 18-35 | Fresher | 16k-21k | Hyderabad | |
| 2 | Security Guard | 200 | 10th pass | 18-35 | 0-2yrs | 15k-20k | Chennai. | |
| 3 | Security Guard | 500 | 10th pass | 18-35 | 0-2yrs | 16k-21k | Gurgaon | |
| 4 | Security Guard | 500 | 10th pass | 18-35 | 0-2yrs | 15k-20k | Noida. | |

**शिविर आयोजन करने का स्थान एवं तिथि**

| SL. No. | Place | Date | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Lohardaga Prakhand Parisar | 18-12-2023 | |
| 2 | Bhandra Prakhand Parisar | 19-12-2023 | |
| 3 | Kisko Prakhand Parisar | 20-12-2023 | |
| 4 | Senha Prakhand Parisar | 21-12-2023 | |
| 5 | Kuru Prakhand Parisar | 22-12-2023 | |
| 6 | Kairo Prakhand Parisar | 23-12-2023 | |
| 7 | Peshrar Prakhand Parisar | 26-12-2023 | |

योग्यता/अर्हता रखने वाले शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को अपनी इच्छा अनुसार निर्धारित तिथि एवं प्रखण्ड परिसर में भाग लेकर लाभ उठा सकते है

संपर्क :–
Yogesh Nanda - Mob No. 9540738302, Avdhesh Mishra - Mob No. 9319088337

जिला नियोजन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 313240 Lohardaga (23-24)_D

## पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VII
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (जिला भू–अर्जन शाखा)

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

ब्रहमोरिया मोड (**N.H-75** पर) रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण।

अधिघोषणा संख्या :–829A/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–11.12.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड (N.H-75) पर रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण कार्य हेतु, ग्राम–लालगढ़, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–69, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में कुल 0.7600 एकड़ यानि 0.3075 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.7600 एकड़ यानी 0.3075 हेक्टेयर है और जो ग्राम–लालगढ़, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–69, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है :–

ग्राम–लालगढ, थाना सं0–69, कुल रकबा– 0.7600 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | |
| 1 | 15 | 454 | रैयती | टांड़ दो | 0.4000 | कृष्णा साव, महेन्द्र साव, राजेन्द्र साव पिता स्व0 जगन साव | निज | निज | 1026 | 1024 | – |
| 2 | 1 | 456 | बकास्त | टांड़ दो | 0.1800 | श्रीकान्त पाठक पिता स्व0 केदार पाठक | – | – | – | | अंचल अधिकारी, विश्रामपुर द्वारा पूर्व में गै0मा0 खाते की भूमि प्रतिवेदित किया गया था। पुनः अंचल अधिकारी, विश्रामपुर के पत्रांक 39, दि0 20.01.2020 द्वारा बकास्त प्रतिवेदित किया गया है। |
| 3 | 1 | 456 | बकास्त | टांड़ दो | 0.1800 | चानो देवी पति गोविन्द चौधरी | – | – | – | | |
| | | | | कुल | 0.7600 | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..........×.......... थाना..........×.......... थाना सं0..........×.......... अंचल..........×..........जिला..........×.......... क्षेत्रफल ..........×.......... एकड़..........×.......... यानि..........×.......... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 313238 Palamu(23-24)D

## गागर में सागर

### चैनपुर-नेउरा रोड निर्माण को लेकर धरने का ऐलान

**मेदिनीनगर।** पीडब्लूडी रोड डिविजन को पत्र प्रेषित कर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने तत्काल रोड का निर्माण शुरू कराये जाने की मांग की है। ऐसा न होने की स्थिति में धरना देने का ऐलान करते हुये उन्होंने आरोप लगाया कि ढहऊ रोड डिविजन के अंतर्गत कई रोड ऐसे हैं। जिनका न तो विभाग स्वयं निर्माण कर रहा है। ना ही निगम को करने दे रहा है। इससे नागरिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि निगम से पारित होने के बाद भी रेडमा चौक से डा. राजेंद्र प्रसाद चौक,पुलिस स्टेडियम,बीसफुटा पुल होते हुये रेडमा चौक तक शहर के व्यस्ततम रोड व चैनपुर थाने से लेकर निगम बॉर्डर तक के रोड का निर्माण ढहऊ रोड डिविजन द्वारा यह कहते हुए रोक दिया गया था कि यह मार्ग उनका है। इनका निर्माण डिविजन द्वारा कराया जायेगा, किंतु एक वर्ष बाद भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी।

### रीता बनी ग्राम पंचायत सदस्य संघ की अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** ग्राम पंचायत सदस्य संघ की पहली बैठक पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत में संपन्न हुई। बैठक में ग्राम पंचायत सदस्य रीमा कुमारी को आसेहार पंचायत अध्यक्ष चुना गया। वार्ड सदस्य कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि हक की मांग के लिए ग्राम पंचायत सदस्यों के संघर्ष की शुरूआत आसेहार पंचायत से हो चुकी है। बहुत ही जल्द प्रदेश भर के सभी वार्ड सदस्यों को एक बैनर के तहत एकत्रित कर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया जायेगा। अन्य क्षेत्रों में भी वार्ड सदस्यों को जागरुक कर कमेटी का निर्माण किया जाएगा। बैठक में उप मुखिया अमित शर्मा, विजय बिहारी प्रजापति, उर्मिला देवी, पुनीता देवी, मीना देवी, रूबी देवी, रिंकी देवी, जीरमणिया देवी, रघमणिया देवी, अनिता देवी, गुलशन बीबी उपस्थित थीं।

### गरीबों के कल्याण में खर्च हो बरामद करोड़ों रुपये: भाकपा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने मंगलवार को एक वार्ता में कहा है कि उद्योगपति एवं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के पास से बरामद करोड़ों रूपये गरीबों के कल्याण में खर्च किये जायें। क्योंकि ये गरीबों से ही लूटा गया धन है। उन्होंने कहा कि झारखंड तो दूर पलामू में भी कई ऐसे धन पशु हैं। जिनके पास गरीबों से हड़पा गया करोडों रूपये संचित धन है। नेताओं व पूंजीपतियों के साथ सरकारी अफसर भी काली कमाई से जनता के धन पर कुंडली मारे बैठे हैं। उन्होंने नोटबंदी को असफल बताते हुये कहा कि इसके बाद भी इतना सारा रुपया एक व्यक्ति के पास पकड़ाना सरकार की नीयत पर सवालिया निशान लगा रहा है।

### गरीबों को लूटने में भाजपा व कांग्रेस समानः शत्रुघ्न कुमार

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मंगलवार को मेदिनीनगर में एक वार्ता के दौरान कहा कि गरीबों को लूटने में भाजपा व कांग्रेस एक समान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय संसद व विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं को लूटेरे करोड़पतियों/अरबपतियों व कारपोरेट के गुलामों का क्लब बनाने में सत्ता के शीर्ष पर रहीं दोनों राष्ट्रीय पार्टियां समान रूप से जिम्मेदार हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य व शराब कारोबारी धीरज साहू के विभिन्न कारोबारी ठिकानों पर आईटी रेड के दरम्यान 300 से लेकर 500 करोड़ रुपए नगद बरामदगी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई अप्रत्याशित घटना नहीं है। यदि भाजपा के कारोबारी सांसदों व कारपोरेट मित्रों के घर व कारोबारी प्रतिष्ठानों पर आईटी व ईडी रेड मारे तो निश्चित ही इससे भी अधिक नगदी बरामद होगी।

# पेट्रोल पंप के समीप 407 वैन में लगी आग, बड़ा हादसा टला


स्टेशन रोड़ पर वैन में लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित रेड़मा चौके के पास मंगलवार शाम बड़ा हादसा होते-होते बचा। बताया जाता है कि शाम करीब छह बजे बिहार नंबर की एक 407 वैन स्टेशन रोड स्थित एसओ पेट्रोल पंप पर तेल भराने के लिए पहुंचा। कर्मियों ने तेल भरने के दौरान देखा कि गाड़ी में आग लगी हुई है। इसकी जानकारी चालक व खलासी को दी तो दोनों गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गए। ऐसे में पेट्रोल पंप के कर्मियों एवं आसपास के लोगों ने बड़े हादसे को टालने के लिए तत्परता दिखाई। वैन को धक्का मारकर पेट्रोल पंप से आगे को-ऑपरेटिव चौक तक ले जाया गया। इस दौरान चौराहे के आसपास अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त रहा। रेडमा ओवर ब्रिज पर घंटों जाम लगा रहा। करीब आधे घंटे के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची व ओवर ब्रिज के ऊपर से ही पानी डालकर वैन में लगी आग को बुझाया। हालांकि इस क्रम में गाड़ी के टायर में ब्लास्ट भी हुआ। किंतु जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई। यह गाड़ी किसकी थी व इसमें लदा सफेद पाउडर कहां लेकर जाना था। इस संबंध में जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### मध्य विद्यालय तुकबेरा के चार विद्यार्थियों ने लहराया परचम

# मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में पलामू के 322 विद्यार्थी सफल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के लिए आयोजित चयन परीक्षा में पलामू के 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। इनमें 169 छात्रा एवं 153 छात्र शामिल हैं। योजना को लेकर झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा 13 अगस्त 2023 को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें पलामू जिले के 20 प्रखंडो के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। झारखंड राज्य के सभी जिलों से 2855 विद्यार्थी सफल हुए हैं। परीक्षा में नावाबाजार प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुकबेरा टोला के चार विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। सफल विद्यार्थियों में दीपिका कुमारी, विकास कुमार, सनी कुमार एवं अनुष्का सोनम शामिल हैं। इसकी जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक बृन्दा प्रसाद गुप्ता ने दी है। प्रधानाध्यापक ने सफल अभ्यर्थियों को कॉपी एवं कलम देकर


छात्रवृत्ति योजना में चयनित विद्यार्थी

उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी पूर्व में भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर स्कूल का मान-सम्मान बढ़ाते रहे हैं। शिक्षक रविंद्र नाथ ठाकुर ने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर रुचि के अनुरूप पढ़ाई करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी।

### चुनाव समिति ने प्रत्याशियों के साथ बैठक में बनाई रणनीति

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा बार एसोसिएशन चुनाव का मतदान

**उम्मीदवारों के सुझावों पर यथा संभव अमल करते हुये चुनाव संपन्न कराया जायेगा : मुख्य चुनाव आयुक्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन चुनाव वर्ष 2023-25 कार्यकारिणी चुनाव के लिए मतदान सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किया जायेगा। चुनाव समिति द्वारा मंगलवार को अधिवक्ता संघ सम्मेलन कक्ष में उम्मीदवारों के साथ बैठक कर मतदान व मतगणना प्रक्रिया पर मंत्रणा की। मुख्य चुनाव अधिकारी बैद्यनाथ चौबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों के उम्मीदवारों ने अपने सुझाव भी दिये। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को पारदर्शिता पूर्ण बनाने के लिये सीसीटीवी कैमरे से निगरानी का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही किसी भी मतदाता को मतदान कक्ष में मोबाईल फोन अथवा कैमरा लेकर जाने की सख्त मनाही रहेगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने में विशेष सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों के सुझावों पर यथा संभव अमल करते हुये चुनाव संपन्न कराया जायेगा। मौके पर चुनाव अधिकारी सतीश मेहता व शौकत अली, व्यवस्थापक संजय दुबे, अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामदेव प्रसाद यादव व बलराम तिवारी सहित विभिन्न पदों के उम्मीदवार मौजूद रहे।


उम्मीदवारों से चर्चा करते मुख्य चुनाव आयुक्त

**आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**

मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिये आचार संहिता लागू है। उम्मीदवारों को दीवाल लेखन अथवा दीवालों पर किसी प्रकार का पोस्टर-बैनर लगाने की सख्त मनाही है। साथ ही मतदाताओं को मतदान के लिये प्रलोभन देने पर भी प्रतिबंध है। आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने पर संबंधित उम्मीदवार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### मनरेगा व स्वास्थ्य विभाग में वैकेंसी निकलने से युवा हर्षित




**मेदिनीनगर।** लंबे इंतजार के बाद पलामू में स्वास्थ्य विभाग व मनरेगा के तहत वैकेंसी निकलने से बेरोजगार युवाओं में हर्ष व्याप्त है। इन पदों के लिये ऑफलाइन आवेदन मांगे गये हैं। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने मनरेगा के तहत ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर, तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक व ग्राम रोजगार सेवक के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन जता करने की अंतिम तिथि 13 दिसंबर निर्धारित की गयी है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने भी एएनएम व स्टाफ नर्सों के विभिन्न वर्गों सहित सुपरवाईजर आदि पदों के लिए वैकेंसी निकाली है। हालांकि नियुक्तियों की संख्या काफी कम होने के कारण युवा इसे ऊंट के मुंह में जीरा बता रहे हैं।

### हुसैनाबाद विधायक ने कार्यकर्ताओं से की मंत्रणा

# एनसीपी जिला कमेटी की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पलामू जिला कमेटी की बैठक शहर के हमीदगंज स्थित हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर में आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी जिले में पार्टी के संगठन पर काम हो रहा है। सभी जिलों के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में राष्टवादी कांग्रेस पार्टी की शुरूआत पलामू से हुई है। पलामू जिला के सभी प्रखंडों में पार्टी का संगठन मजबूत करना जिला के पार्टी पदाधिकारियों का दायित्व है। सभी पदाधिकारी प्रखंडों का दौरा कर प्रखंड कमेटियों को मजबूत बनाने का काम करें। प्रखंड कमेटियों का दायित्व पंचायतों में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना है। प्रदेश पदाधिकारियों की जहां आवश्यकता होगी, प्रदेश के पदाधिकारी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती में ही कार्यकताओं की भी मजबूती होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने व संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने किया। बैठक में 2024 के लोक सभा व झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई। मौके पर एनसीपी के प्रदेश सचिव अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, हुसैनाबाद अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पिपरा प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां, हरी भुइयां,सीताराम भुइयां, संजय भुइयां,कंधा सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, नरेश पासवान, मिठू सिंह, हैदरनगर प्रखण्ड अध्यक्ष संजय सिंह, युवा अध्यक्ष रवि रंजन, भोला सिंह, विरेंद्र सिंह,मोहम्मदगंज प्रखण्ड अध्यक्ष रुद्रा सिंह, अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष जियादुद्दीन खान और हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह मौजूद रहे।

### कभी भी हो सकता है हादसा

# संकट का कारण बने पीटीआर में लटकते बिजली के तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में जगह-जगह खतरनाक ढंग से लटकते बिजली के तार एक बड़ी समस्या बनकर उभरे हैं। जानकारों के अनुसार पीटीआर में बिजली के तार को जमीन से कम से कम 6 मीटर की ऊंचाई पर होना चाहिये। ताकि उसके नीचे से गुजर रहे हाथी अपना सूंड उठाने के बाद भी तारों के स्पर्श से दूर रहें। इस समय पलामू टाइगर रिजर्व में दर्जनों स्थानों पर बिजली के तार मानक के विपरीत काफी नीचे लटक रहे हैं। उत्तरी प्रमंडल में तो यह समस्या 50 से अधिक जगहों पर है। इस बात की पुष्टि उपनिदेशक पीके जैना ने भी की है। बताते चलें कि नवंबर महीने के उत्तरार्द्ध में ही मौसाबनी व चकोलिया में विद्युत स्पर्शाघात से ही क्रमशः पांच व दो जंगली हाथियों की मृत्यु हो चुकी है। 5 साल पहले वर्ष 2018 में उड़ीसा के ढेंकनाल जिला स्थित कामालनगा जंगल में बिजली के तार की चपेट में आने से 7 हाथियों की जान जा चुकी है। उपनिदेशक ने बताया कि पीटीआर प्रबंधन द्वारा बिजली विभाग के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर विद्युत तारों को दुरूस्त करने की मांग की जा चुकी है। इसके महीनों बाद भी कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या जस की तस बनी हुयी है। दक्षिणी प्रमंडल में यह समस्या ज्यादा गंभीर बनी हुई है। दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि प्रमंडल के लाभर, मुंडू व मारोमारभी क्षेत्र में समस्या गंभीर है।


पीटीआर में लटकते बिजली के तार

**पीटीआर के मध्य स्थित है स्टेट हाईवे व रेलवे लाईन**

बताते चलें कि पलामू टाइगर रिजर्व के मध्य से जहां राज्य मार्ग-9 गुजरता है। वहीं टाइगर रिजर्व में ही 11 किलोमीटर लंबी रेलवे लाईन भी बिछी है। जिससे होकर प्रतिदिन 90 रेलगाड़ियों का आवागमन होता है। ऐसे में पीटीआर क्षेत्र में हाइटेंशन विद्युत तारों का भी संजाल बिछा है।

'लटकते तारों को बदलने के लिये वन विभाग के साथ बरवाडीह व छिपादोहर के मध्य संयुक्त सर्वे किया जा रहा है। जल्द ही लटकते तारों की समस्या को दूर किया जायेगा।
दुर्गाशंकर सिंह, एसडीओ विद्युत अवर प्रमंडल बरवाडीह'

## राहत

### आपकी योजना - आपकी सरकार- आपके द्वार का आयोजन

# चुकरू गांव की सुरमा देवी को मिली विधवा पेंशन की स्वीकृति


बहादुर राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के पंचायतों में आयोजित हो रहे शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम जरूरतमंदो को मिल रहा है। अब योजनाओं का लाभ लेने के लिए आमजनों को जिला या प्रखंड कार्यालय जाना नहीं पड़ रहा, बल्कि स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी उनके पंचायत तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। इसी कड़ी में सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत में आयोजित शिविर में चुकरू की सुरमा देवी को सर्वजन पेंशन योजना के तहत विधवा पेंशन योजना का लाभ मिला। पेंशन का स्वीकृति पत्र भी उन्हें मिल गया है। उन्होंने बताया कि उनके पति दुलार सिंह का निधन 2 वर्ष पूर्व हो गया था। वे काफी बीमार रहते थे। निधन के बाद दो लड़की एवं एक लड़के की परवरिश उनके जिम्मे है। घर-परिवार चलाने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पेंशन योजना का लाभ मिलने से अब उन्हें आर्थिक सहायता मिल जायेगी।


लाभुक सुरमा देवी

**सर्वजन पेंशन योजना से रियाज करायेंगे पुत्र इमरान का इलाज**

पाटन प्रखंड क्षेत्र के सधपुर गांव निवासी रियाज अली के बेटे इमरान अली की उम्र 14 वर्ष से ऊपर है। इमरान मानसिक रूप से बीमार रहता है। वह मानसिक रूप से इतना कमजोर है कि कोई काम भी नहीं कर पाता। रियाज ने बताया कि बेटे को सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत दिव्यांग पेंशन दिलाने के लिए उन्होंने कई बार प्रयास किया परंतु असफल रहे। थक-हारकर वह चुप बैठ गये थे। आपकी योजना -आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम से इमरान अली के लिए दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ मिल गया। पेंशन के पैसे से वे बेटे का माकूल उपचार करायेंगे।


दिव्यांग इमरान

**बहादुर राम को मिला वृद्धावस्था पेंशन :** कौड़िया गांव के ही निवासी बहादुर राम को सर्वजन पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिला। शिविर में ही बहादुर राम को यह लाभ दिया गया। कौड़िया पंचायत भवन में आयोजित शिविर के दौरान वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिलने से बहादुर राम ने खुशी जाहिर की। कहा कि पेंशन के लिए उन्होंने इससे पूर्व भी कई बार आवेदन किया था, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी लाभ नहीं मिला। अब पेंशन की राशि से उनका गुजर-बसर सही से हो सकेगा।

## गागर में सागर

### रोजगार सेवक की नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता की उपायुक्त से शिकायत



**खरौंधी।** प्रखंड की अरंगी पंचायत निवासी प्रमोद कुमार पटेल ने ग्राम रोजगार सेवक के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए गढ़वा उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि ग्राम रोजगार सेवक के पद सविंदा आधारित नियुक्ति के लिए हम भी एक अभ्यार्थी है, लेकिन उक्त नियुक्ति में चयन समिति ने मेरे साथ भेदभाव करते हुये न्यूनतम योग्यता के अभ्यर्थी को वरीयता दी गयी है। इसमें मेरा प्राप्तांक 77.32 प्रतिशत है। वही चयनकर्ताओं ने मेरा न्यूनतम प्राप्तांक 62.50 प्रतिशत ही माना है। मेरी प्रतिक्षा सूची 43 पर अंकित भी है, जबकि 69.19 प्रतिशत वाले अभ्यार्थी को वरीयता देते हुये प्रतिक्षा सूची में क्रम 6 पर रखा गया। दूसरी ओर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) के पद पर निकाली गई रिक्ति में भी हम अभ्यार्थी थे। उसमे भी मैंने यही प्रमाणपत्र संलग्न किया था, जिसमें चयनकर्ताओं ने मेरा प्राप्तांक 82.32 प्रतिशत गणना किया है। प्रतीत होता है कि चयनकर्ताओं ने मेरे साथ भेदभाव करते हुए अन्याय किया है।

### केतार बाजार में दाल-भात केंद्र पांच वर्ष से बंद, जरूरतमंद हो रहे परेशान

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित केतार बाजार में सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री दाल-भात योजना गत पांच वर्षों से बंद है। इसे चालू कराने को लेकर किसी भी जनप्रतिनिधि ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस योजना के बंद होने से राहगीरों, ठेले खोमचे वाले, दुकानदारों, असहायों, एवं गरीबों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि सरकार द्वारा पूरे राज्य में दाल-भात केंद्र को चालू कर इससे गरीबों को लाभान्वित करने पर जोर दिया जाता है। दो माह पूर्व तत्कालीन बीडीओ मुकेश मछुआ ने केतार बाजार मे दाल-भात केंद्र शुरू करने को लेकर जिला मुख्यालय से पत्राचार किया था, लेकिन इसे शुरू करने की पहल अब तक नहीं हो पायी है, जिसका खमियाजा मजदूरों, असहाय और गरीबों को भुगतना पड़ रहा है।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन



**मेराल।** पूर्वी पंचायत भवन पर मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मुखिया रामसागर महतो ने केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे विकास कार्यक्रमों आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना केसीसी ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना पेंशन, खाद्य सुरक्षा के तहत गरीबों को मिलने वाले खाद्यान्न, मनरेगा इत्यादि के बारे में लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं का गोद भराई का रस्म पूरा किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अनिल शाह डॉक्टर शशांक बीपीओ फिरोज अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद गंगेश पांडे धर्मेंद्र कुमार समीना खातून गुड़िया रानी सुषमा ललिता सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### अधौरा ग्राम में जिला स्तरीय बालक व बालिका कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में आगामी 14 दिसंबर को अधौरा ग्राम स्थित टीडीएम कॉलेज के मैदान में प्रातः 8 बजे से जिला स्तरीय बालक व बालिकाओं के लिये कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये गढवा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक जामताड़ा में आयोजित होने वाली 18वीं जूनियर बालक व बालिका राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में बीस प्रखंडों के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में वैसे खिलाड़ी ही शामिल होंगे बालक वर्ग में जिनकी उम्र 20 वर्ष से कम तथा वजन 70 किलोग्राम से कम तथा बालिका वर्ग में 20 वर्ष से कम उम्र तथा वजन 65 किलोग्राम कम होगा। प्रतियोगिता को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिये हरेंद्र पासवान तथा विशाल सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। खिलाड़ी उनके मोबाइल नंबर 919616950706 और 916283161381 पर संपर्क कर सकते हैं।



## एकतरफा रहे फाइनल मुकाबले में गरबांध की टीम को 4-0 से रौंदकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

# कुशदंड ने जीती मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखड के चितविश्राम ग्राम स्थित उच्च विद्यालय के मैदान में सोमवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, प्रमुख उर्मिला देवी व जिपस बाला रानी ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी दी। पहले चक्र के मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में नरही, चित्तविश्रम, कुशदंड तथा गरबांध पंचायत की टीम पहुंची। पहला सेमीफाइनल नरही पंचायत और कुशडंड के बीच खेला गया, जिसमें कुशडंड की टीम ने नरही को 4-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल गरबांध व चितविश्रम के बीच खेला गया, जिसमें गरबांध पंचायत ने 1-0 से विजय प्राप्त कर फाइनल में अपना जगह बनाई। फाइनल कुशडंड व गरबांध के बीच खेला गया, जिसमे कुशदंड ने 4-0 से गरबांध को मात देते हुये विजेता कप पर कब्जा जमाया।

इस अवसर पर चौबे ने कहा कि कुशडंड की टीम ने भले ही जीत



हासिल की हो, लेकिन गरबांध की टीम छोटा भाई के रूप में है। छोटा भाई अगर हारा है तभी बड़े की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि गरबांध की टीम को निराश होने की जरूरत नहीं है। लगातार परिश्रम करते रहना है। परिश्रम करके उन्हें ऊंचाइयों को छूने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है ताकि गांव में छुपी प्रतिभा को निखार कर बाहर लाया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ियों को बाहर लाकर देश और विदेश के धरती पर नाम रोशन करने का मौका हमारी सरकार ने दिया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि हार में भी अपनी जीत को देखना चाहिए। सभी खिलाड़ियों को लगातार प्रयास करने की जरूरत है। आपका प्रयास एक न एक दिन सफल जरूर होगा। उन्होंने कहा कि आजकल के बच्चों को देखते हैं कि फुटबॉल क्रिकेट खेलना है तो मोबाइल में ही खेलते हैं ग्राउंड में नहीं खेलते।

मौके पर पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, चंदन पांडेय, मुखिया सनिधा सोनी, राजकुमार, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, बीडीसी मृदुला द्विवेदी, सईद अंसारी द्वारिकानाथ पांडेय, कमलेश पांडेय, अखिलेश प्रसाद, राहुल पांडेय, संजय पांडेय, विकास वल्लभ पांडेय, शत्रुधन पांडेय आदि मौजूद थे।

# बिना हेलमेट वालों के वाहन जब्त

## खरौंधी थाना के समीप सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

सड़क सुरक्षा के तहत पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया के नेतृत्व में मंगलवार को थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहन के चालकों को सावधानी से गाड़ी चलाने व ट्रैफिक नियम का पालन करने को निर्देश दिया गया। वहीं वाहन का कागजात, हेलमेट, लाइसेंस की जांच की गई। बिना कागजात, लाइसेंस, हेलमेट वाले वाहन को जब्त भी किया गया। सअनि सुरेंद्र दुबे ने बताया कि उच्च पदाधिकारीयों के निर्देश पर खरौंधी-भवनाथपुर मुख्य पथ थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बिना हेलमेट के वाहन को चलाना किया जा रहा है ताकि लोगों को दुर्घटना से बचाया जा सकें।

सुरेंद्र दुबे ने बताया कि आज सड़क पर जो दुर्घटना हो रही है उसमें से सबसे अधिक मोटरसाइकिल दुर्घटना हो रही है। उसमें भी जो हेलमेट नहीं लगा रहा है उसकी मौत हो रही है। ऐसे में पुलिस जागरूकता अभियान चलाते हुए वाहन चेकिंग अभियान चला रही है ताकि लोगो को हेलमेट के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग हेलमेट लगा कर वाहन का परिचालन कर सकें। वाहन दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौत होती है। अगर किसी घर का व्यक्ति वाहन दुर्घटना का शिकार होता है तो उससे कई जिंदगियां प्रभावित होती हैं। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में चालकों को हेलमेट के संबंध में विशेष जानकारी दी गई ताकि दुर्घटना से निजात मिल सकें। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि बिना हेलमेट के बाइक चलाना जानलेवा साबित होता है। यातायात नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटना पर विराम लगना संभव है।



### स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**बड़गड़।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश के आलोक में भंडरिया पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में किया गया। इस मौके पर बड़गड़ ओपी प्रभारी गंगा राम तियू ने कहा कि जागरूकता के अभाव में लोग सड़क दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं। सड़क दुर्घटना के कारण लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। ज्यादातर लोग लापरवाही पूर्वक सड़कों पर वाहन चलते पाए जाते हैं। लोग शराब के नशे में वगैर हेलमेट के निडर होकर ट्रिपल सवारी लेकर सफर करते हैं। इस परिस्थिति में दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और दुर्घटना होने पर मौत होने की पूरी संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा हमेशा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है। वर्तमान में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने को लेकर पेट्रोल पंप संचालक को भी नो हेलमेट - नो पेट्रोल अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सड़कों पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। बगैर हेलमेट के वाहन न चलाएं। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अजय कुमार मिंज, शिक्षक कपिल देव प्रसाद, जितेन्द्र चंद्रवंशी, अनीता कच्छप, दोरोथी कच्छप आदि सहित स्कूली छात्र एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

# सूबे के विकास को बाधित करना चाहता है केंद्र : मंत्री

### भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सहित 50 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी सहित पार्टी छोड़कर पेसका के 50 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल करते हुए उनका स्वागत किया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में काफी तेज गति से चौतरफा विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडियों की जनभावनाओं, उनकी समस्याओं एवं जरूरतों को अच्छी तरह से समझते हैं। राज्य की बेहतरी एवं जनता की हर जरूरत को ध्यान में रखकर आज पूरे राज्य में बेहतर विकास कार्य किया जा रहा है। इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्य एवं पूरे राज्य में झामुमो की ओर जनता की बढ़ रहे रुझान से भाजपा घबरा गई है। वह अपनी पूरी ताकत लगाकर राज्य के विकास को बाधित करने एवं हेमंत सरकार को अस्थिर करने का हर हथकंडा अपना रही है, परंतु जनता विपक्ष के इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी। पार्टी में शामिल होने वाले भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी, मदन कुमार भुइयां आदि ने कहा कि वे लोग लंबे समय से भाजपा में रहे हैं। झारखंड में सर्वाधिक समय तक भाजपा की सरकार रही है। फिर भी आज तक जो विकास कार्य होना चाहिए था वह नहीं हो पाया। गढ़वा पूरी तरह से विकास के मामले में उपेक्षित रहा है, परंतु हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में गढ़वा में जो विकास कार्य किया जा रहा है यह बहुत ही सराहनीय है। उनके कार्यों से प्रभावित होकर सभी लोग झामुमो में शामिल हुए हैं। मंत्री ठाकुर के नेतृत्व में आज संपूर्ण गढ़वा में चप्पा-चप्पा पर विकास की नई इबादत लिखी दिख रही है। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित फूल कुमारी देवी, चंदन दुबे, योगेंद्र पासवान, सत्यदेव यादव, रवि शंकर चंद्रवंशी, प्रिंस चंद्रवंशी, दीपक कुमार साव, विनय यादव, राहुल साव, इनय साव, कन्हाई साव, तौसीफ अंसारी, आदिल चंद्रवंशी, निकेश कुमार साव, मणि कुमार, सराज अंसारी, गुरफान अंसारी आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# आईजी ने लिया न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



पलामू आईजी आर के लकड़ा ने सोमवार को अनुमंडल न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लकड़ा ने अनुमंडल न्यायालय परिसर में बने कैदी को रखने के लिए बने कोर्ट सेल का जानकारी ली। इस दौरान कोर्ट सेल में नियुक्त पुलिस कर्मियों ने बताया कि प्रत्येक दिन सात से आठ कैदी आते हैं। आईजी ने कोर्ट परिसर में की जारी पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मियों के रहने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उक्त स्थल पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी लिए एक कमरे का निर्माण कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल न्यायलय के रजिस्टार अमित खन्ना ने पलामू आईजी को जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में कोर्ट का प्रवेश द्वार नहीं है। कोर्ट गेट के सामने से मुख्य द्वार का निर्माण कराने को लेकर प्रस्ताव किया गया है। पलामू आईजी ने कोर्ट परिसर में जाने के लिए बने तीन गेट पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर में दो गेट सही है। निरीक्षण के बाद पलामू आईजी ने कहा कि न्यायलय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुख्य रूप से जानकारी ली जा रही है। मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# 'युवाओं को रोजगार के नाम पर ठग रही हेमंत सरकार'

## जेएसएससी परीक्षा रद्द करने के विरोध में भाजयुमो ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जेएसएससी परीक्षा रद्द करने को लेकर रंका मोड़ गढ़वा में मुख्यमंत्री हेमंत सरकार का पुतला फुंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान रंका मोड़ पर शव यात्रा निकाला गया।

कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर ठग रही है। हेमंत सरकार में जेएसएससी स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा रद्द कर युवाओं के साथ भारी धोखा किया है। हेमंत सरकार में बैठे मंत्री विधायक भी युवाओं को रोजगार देने के नाम पर झुठा ढोल पीटते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड के युवा झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हो चुके हैं। हेमंत सरकार छात्रों को नौकरी देने के नाम



लगातार ठगने में लगी हुई है। हेमंत सरकार धोखेबाज सरकार है राज्य में चारों तरफ खुलेआम लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने झारखंड में युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का काम किया है। बेरोजगारी भत्ता देने का वादा पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा सिर्फ ढकोसला साबित हो गया। झारखंड में युवा पढ़ लिख कर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। मजबूरी में युवाओं को रोजगार के लिए दर दर की ठोकर खानी पड़ रही है। कार्यक्रम में भाजपा नेता जवाहर पासवान, बिनय चौबे, दीपक तिवारी, बृजेंद्र पाठक, भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी, रंजीत चौरसिया, रितेश अग्रवाल, जयंत पांडेय, अनवर शाह, नवीन जायसवाल, विकास तिवारी, रंजीत चौरसिया, अविनाश पासवान, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, ओंकार तिवारी, सुरेंद्र राम, उदय मेहता, प्रमोद जायसवाल, संजय तिवारी, राम सरेश तिवारी, ज्ञान रंजन चौबे, मनीष गुप्ता, संजय तिवारी, अरविंद धर दुबे, कंचन पांडेय, खुर्शीद आलम, अनीमेश चौबे, राजेश्वर बैठा, नसरुद्दीन अंसारी, अनीत तिवारी, ओमप्रकाश पासवान आदि मौजूद थे।

## अनुरोध पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने अनुमंडल पदाधिकारी को दिया आवेदन

# पशु शेड के नाम पर लिये पैसे प्रमुख से वापस कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह को आवेदन देकर सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव से पशु शेड के नाम पर ग्रामीणों से वसूले गये तेरह-तेरह हजार रुपये वापस कराने की मांग की। एसडीओ को दिये गये आवेदन में पूर्व मंत्री ने कहा है कि 11 दिसंबर को सगमा प्रखंड के चैनपुर ग्राम स्थित चौपाल में सात ग्रामीणों का 14000-14000 रुपये (13000-13000 रुपये मूल राशि तथा 1000-1000 रुपये ब्याज राशि) वापस की गई थी। शेष 11 ग्रामीणों का पैसा 12 दिसंबर को नगर उंटारी में चेचरिया स्थित मेरे आवास पर आकर देने की बात लिखित रूप में कही गई थी। ग्रामीण पैसा लेने के लिए मेरे आवास पर घंटों सगमा प्रमुख का इंतजार करते रहे लेकिन प्रमुख द्वारा न ही कोई सूचना दी गई और न ही वे आये। उन्होंने ग्रामीणों का पैसा वापस दिलाने तथा कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।



**क्या था मामला जिस पर पूर्व मंत्री ने लिया था संज्ञान :** सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव के द्वारा पशु शेड कराने के नाम पर दर्जनों ग्रामीणों से लाखों रुपये की राशि वसूली की गई थी। 18 ग्रामीणों द्वारा पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी को प्रमुख द्वारा 13000-13000 रुपये लेने का आवेदन दिया गया था। पूर्व मंत्री के प्रयास से सोमवार को चैनपुर ग्राम के चौपाल पर सात ग्रामीणों का 98000 रुपये वापस कराये गये थे, जबकि 11 ग्रामीणों का पैसा वापसी के लिए प्रमुख द्वारा 12 दिसंबर को मंत्री के आवास पर बाकी के 1,54,000 रुपये देने का लिखित आश्वासन दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि सगमा प्रखंड के प्रखंड प्रमुख अजय साव द्वारा हम ग्रामीणों से पशु शेड के नाम पर 13000-13000 रुपये लिये गये थे। बीडीओ की मिलीभगत से पशु शेड की कोडिंग के अलावा कोई कार्य नही हुआ। प्रमुख द्वारा राशि की वापसी से भी इंकार कर दिया गया था। वसूली गई राशि का खुलासा तब हुआ जब महीनों बाद भी ग्रामीणों के पशु शेड में कोई काम नहीं हुआ। सब तरफ से निराश होकर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर जाकर उनको सारी स्थिति से अवगत कराते हुए आवेदन सौपा था। बाद में केशरी ने उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना देते हुए जांच करते हुए ग्रामीणों का पैसा वापस कराने तथा प्रखंड प्रमुख पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके फलस्वरूप ग्रामीणों का पैसा वापस कराया गया। जिन ग्रामीणों का पैसा वापस कराया गया उनमें फुलवा देवी, तारा देवी, मीना देवी, सत्या देवी, महेंद्र साव, मुकेश यादव, विकेश यादव आदि शामिल हैं। मौके पर सलीम अंसारी, मथुरा पासवान, सीता राम जायसवाल, सोबराती खान, महेंद्र साव, मुकेश कुमार यादव, दिनेश शर्मा, धीरज धीरज जायसवाल, राम कुमार कुशवाहा, मुकेश यादव, संतोष कुशवाहा, अखिलेश बैठा, कामेश्वर साव, बिनोद शर्मा, दीनदयाल कुशवाहा, शशिकान्त यादव, राम स्वरूप कुशवाहा, मीना देवी, विनय यादव, नागेंद्र कुशवाहा, राम गोविंद कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, सकेंद्र बैठा, सतीश कुशवाहा, दिनेश चंद्रवंशी, जितेंद्र विश्वकर्मा, सुरेश प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

# सीएस ने मांगा दो महिला चिकित्सकों से स्पष्टीकरण



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने मंगलवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया।

इस दौरान सिविल सर्जन ने चिकित्सकों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया, जिसमें डॉक्टर माया पांडे की 13 दिसंबर की भी हाजिरी बनाई पाई गई। दंत चिकित्सक की हाजिरी नहीं बनाई गई थी। सिविल सर्जन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उनकी एक दिन की हाजिरी काट कर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। इसके बाद सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल में पीपीई मोड पर चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर का भी निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ने अल्ट्रासाउंड के मैनेजर को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों द्वारा यह शिकायत मिल रही है कि मरीज को परेशान किया जाता है। सिविल ने स्पष्ट रूप से कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही होती है तो सीधे कार्रवाई की जाएगी।

## गागर में सागर

### विद्युत चोरी पर 8 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, 2.43 लाख का लगाया जुर्माना

**गिद्धौर।** विद्युत विभाग ने मंगलवार को प्रखंड के ब्रह्मपुर, मंझगांवा व पहरा गांव में अभियान चलाकर अवैध रूप से विद्युत की चोरी करते हुए आठ लोगों को पकड़ा। कनीय अभियंता तरुण कुमार ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 243209 रुपये का जुर्माना लगाया है। छापेमारी दल में कनीय अभियंता विजय कुमार, विद्युत सहायक कर्मी संतोष कुमार, महावीर दांगी, विकास कुमार, मनीष केसरी, गोविंद रजक, विकास कुमार, रमेश तिर्की व छोटेलाल शर्मा शामिल थे।

### अबुआ आवास के लिए उमड़ी भीड़

**प्रतापपुर।** प्रखंड के टंडवा पंचायत में मंगलवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में अबुआ आवास योजना के लाभुकों का निबंधन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी नित्यानन्द कुमार दास, प्रमुख पति कपिल पासवान, मुखिया किशोर यादव ने संयुक्त रूप से किया। पंचायत के एनपीएस शंकरपुर, यूपीएस जमुनीयाटांड के बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। वहीं झारखंड स्टेटलाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा 111 महिला समूह के बीच 27 लाख 75 हजार रुपये का ऋण वितरण किया गया। मौके पर सिदकी मुखिया सुरेश राम, पूर्व मुखिया खेदु यादव. राजद नेता अरूण यादव, सीआरपी संजय कुमार, पंचायत सचिव आदि मौजूद थे।

### 392 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

**कुंदा।** प्रखंड क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख कमला देवी, उपप्रमुख सतेंद्र गुप्ता, बीडीओ बिपिन कुमार भारती, मुखिया अनिता देवी, पंचायत समिति प्रतिमा देवी, बीपीओ अजय कुमार सिंहा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 1600 सौ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मौके पर 392 का निष्पादन किया गया। वहीं 1208 मामले फिलहाल लंबित है। सर्वाधिक अबुआ आवास को लेकर 1124 आवेदन प्राप्त हुए। जेएसएलपीएस से सखी मंडल के बीच 15 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का चेक वितरण किया गया। मुखिया ने कंबल का वितरण किया। मौके पर जयराम भारती, बिनोद साव, लालू प्रसाद यादव, अर्जुन पासवान, जेई विकाश कुमार, रोजगर सेवक सुदाम कुमारी, पंचायत सेवक मुरली राम, बीएफटी, स्वयंसेवक समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### 899 आवेदनों में 674 का निष्पादन

**मयूरहंड।** प्रखंड की हुसिया पंचायत सचिवालय में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, मुखिया उर्मिला देवी, जीपीएस सतीश मिश्रा तथा समाजसेवी संजय कुमार सिंह ने संयुक रूप से किया। 35 वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसिया के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश गुप्ता ने बच्चों को पोशाक तथा जूता-मौजा, स्वेटर तथा जाति प्रमाणपत्र सौंपा। शिविर में कुल 899 आवेदन प्राप्त हुए। 674 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में बीपीओ जूनिका हेंब्रम, कनीय अभियंता उमेश उरांव, बीआरपी राजेश सिंह, शिक्षक विकास कुमार सिंह, डीलर संघ के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विकास कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### सीएस ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**गिद्धौर।** सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजी के साथ कई अन्य पंजी का भी अवलोकन किया। मौके पर चिकित्सा डॉ. अमृता अनुप्रिया, डॉ. अंजली कुमारी भगत, डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, डॉ. सत्य प्रकाश के साथ ए ग्रेड नर्स अनीशा चेन्नई, रिंकी कुमारी, बिमला देवी, सोना देवी उपस्थित थे।

### जेपीएस बजाज शोरूम का उद्घाटन

**महुआडांड़।** प्रखंड के डाल्टेनगंज रोड पर पार्वती रेस्ट हाउस के सामने में बजाज दो पहिया वाहन के शोरूम का उद्घाटन समाजसेवी बिहारी जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। प्रॉपराइटर मुकेश सोनी ने बताया कि शोरूम में बजाज की सभी बाइक व स्कूटी के दो पहिया गाड़ी उपलब्ध हैं। मौके पर प्रभात जायसवाल, संतोष जायसवाल राजू प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**बरवाडीह।** प्रखंड की उकामाड़ पंचायत में मंगलवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज सरण, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मुखिया पूनम देवी आदि ने किया। मौके ग्राम प्रधान कैलाश सिंह, बरवाडीह मुखिया कालो देवी, वन सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, नंददेव सिंह, दिलीप सिंह यादव, सुनील सिंह, प्रखंड समन्वयक मनजीत सिंह, अरविंद कुमार, सीएचओ आभा कुमारी, बीपीओ अभय कुमार, रंजना सिंह, अमित गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, विजय कुमार पप्पू, रविकांत, एलटी मनोरंजन कुमार आदि मौजूद थे।

### मुखिया ने किया स्वेटर, जूतों का वितरण

**चंदवा।** प्रखंड की लाधुप पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दूधिमाटी में मंगलवार को लाधुप मुखिया बिफई मुंडा, पंसस बुधन गंझु ने वर्ग 1 व 2 के 49 बच्चों के बीच पोशाक, स्वेटर, जूतों का वितरण किया। मौके पर अध्यापक अरविंद कुमार, अनिल पाठक, वार्ड सदस्य फूलचंद गझू व विजय गंझू, मानती देवी आदि मौजूद थे।

### एसआईटी का खुलासा : हत्या को एक्सीडेंट का रूप देने का हुआ था प्रयास

# चतरा : ब्लाइंड मर्डर केस में 2 महिला समेत 4 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

विगत एक दिसंबर को सदर थाना क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर स्थित रामटुंडा फुटबॉल मैदान के पास से शव बरामदगी मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में एसपी राकेश रंजन द्वारा सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो हत्यारों को धर दबोचा है। वहीं घटना में शामिल टाटा विकटा गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। हालांकि घटना का मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

सदर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि विगत 1 दिसंबर को रामटुंडा फुटबॉल मैदान के पास एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला। साथ ही मौके से गंभीर अवस्था में जख्मी एक अन्य व्यक्ति को भी उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया था, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई थी। जांच के दौरान पता चला था कि मृतक चाचा-भतीजा चतरा




कोर्ट से एक पुराने मामले में गवाही देकर लौट रहे थे। इस मामले में परिजनों ने संदेह के आधार पर गांव के ही कुछ लोगों के विरुद्ध हत्या की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद एसआईटी का गठन कर जांच शुरू की गई थी। एसआईटी में प्रशिक्षु डीएसपी और सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली समेत अन्य शामिल थे। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि दोनों की पत्थर और लोहे के रॉड से पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर उसे सड़क किनारे फेंक कर रोड एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया गया था। इस मामले में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सीकेंद्र कुमार और जितेंद्र कुमार सदर थाना क्षेत्र के हसोत गांव के रहने वाले हैं। इन लोगों ने घटना के मास्टरमाइंड के साथ मिलकर पूरी वारदात को अंजाम दिया था।

#### आगजनी में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के मोक्तमा पंचायत के आरा देवरिया गांव में वन विभाग के ट्रेंच काटने में लगी पोकलेन मशीन में हुई आगजनी कांड का 72 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधी सदर थाना क्षेत्र के हसोत और आरा देवरिया गांव के रहने वाले हैं। इस दौरान गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने आगजनी की योजना बनाने में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है। मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने लेवी की मांग को लेकर पोकलेन मशीन में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि घटना में अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम छापेमारी अभियान चला रही है।

# 'हेलमेट के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल'

### एसपी ने लोगों से की ट्रैफिक रूल्स का पालन करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

अगर आपके पास हेलमेट नहीं है तो आप सावधान हो जायें। बिना हेलमेट के जिले के किसी पेट्रोल पंप पर आपकी बाइक को पेट्रोल नहीं मिलेगा। पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए यह प्लान बनाया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने सवालों का जवाब देते हुए उक्त बातें कहीं। एसपी ने कहा कि पुलिस सड़क सुरक्षा सप्ताह मना रही है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कई जगहों पर बेरेकेडिंग की गयी है। सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करते नहीं पाये जाने पर पुलिस वाहनों को जब्त कर सूची अदालत में पेश कर रही है।

एसपी ने कहा कि जिले मे सड़क दुर्घटना और इन दुर्घटनाओं में मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। पिछले हफ्ते बालूमाथ थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में पूरा परिवार असमय दिवगंत हो गया था। उस दुर्घटना में पति, पत्नी व उसके दो छोटे-छोटे बच्चों की असमय मौत हो गयी थी। एसपी ने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर व नवंबर में सड़क दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मौत हुई थी, जबकि इस वर्ष अक्टूबर व नवंबर माह में 25 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। यह तकरीबन दुगना है। एसपी ने जिला वासियों से यातायात व सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आपकी जान अपके घर वालों के लिए बहुत कीमती है। अधिक रफ्तार में वाहन नहीं चलाने, हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील की। एसपी ने वाहनों के कागजात भी दुरुस्त रखने की बात कही।




#### पेट्रोल पंप पर चस्पा की नो हेलमेट नो पेट्रोल की सूचना

**बारियातु।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी की देखरेख में बाइक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं बारियातु थाना क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पंप पर पुअनि बिंदेश्वर महतो ने सदलबल के साथ नो हेलमेट नो पेट्रोल सूचना पत्र चस्पा किया। मौके पर पुअनि आनंद कुमार सिंह, संतोष पाठक, राजकिशोर प्रसाद मौजूद थे।

#### बगैर हेलमेट व कागजात के वाहन चालकों पर जुर्माना

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चंदवा थाना प्रभारी सुभम कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर दिन भर दो पहिया वाहन चालकों की जांच की गई। इस क्रम में सैकड़ों वाहन चालकों से हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। कई वाहन चालक बिना हेलमेट व कागजात के पकड़े गए, जिनसे जुर्माना भी वसूला गया। लगातार चल रहे जांच अभियान के कारण सड़कों पर दो पहिया वाहनों की आवाजाही कम रही।

# ग्रामीण डाक सेवक संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

अखिल भारतीय ग्रामीण डांक सेवक संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार से शुरू हो गई है। हड़ताल से डांक सेवा पूरी तरह ठप हो गई है। प्रमंडलीय संगठन सचिव नित्यानंद सिंह ने कहा कि डांक संघ के केंद्रीय नेतृत्व के साथ दिल्ली में 11 दिसंबर को डायरेक्टर जनरल पोस्ट सर्विसेज के साथ वार्ता असफल रहने के कारण हड़ताल करनी पड़ रही है। हमारीं मांगों पर सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार करें। अब आंदोलन ही एक मात्र विकल्प है। विवश होकर ग्रामीण डांक सेवक संघ हड़ताल पर है। इससे डांक सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में ठप है। डांक विभाग के बैग का अदान प्रदान, दैनिक लेखा जोखा, विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल का उपयोग समेत अन्य दैनिक कार्य पूरी तरह से बंद हैं। इधर हड़ताल को माकपा ने समर्थन दिया है। कहा कि




इनकी मांगें जायज हैं। केंद्र सरकार इनकी मांगों को जल्द पूरा कर डांक सेवकों की हड़ताल खत्म कराए।

ग्रामीण डाक सेवकों का आठ घंटे का काम पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करने, नियमित कर्मचारियों के समान 12 - 24 एवं 36 वर्ष का लाभ अविलंब लागू करने, ग्रुप बीमा कवरेज को पांच लाख रुपये तक बढ़ाने, विभागीय कर्मचारियों के समान जीडीएस की ग्रेच्युटी में वृद्धि करने, 180 दिनों तक सवैतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाना और उसका नकदीकरण करने, भारत सरकार की अन्य सभी योजनाओं एवं कार्यों का कार्य के घंटे में मूल्यांकन कर उस अधार पर समय बढ़ाकर वेतन में वृद्धि करने, टीआरसीए अविलंब समाप्त कर उसके स्थान पर समान कार्य के लिए समान वेतन भुगतान करने, जीडीएस कर्मचारियों का विभागीय अधिकारियों द्वारा अनावश्यक कार्यों का दबाव बनाकर उनका उत्पीड़न बंद करने, सेवाओं को बेहतर करने के लिए सभी शाखा कार्यालय को लैपटॉप, प्रिंटर और ब्रॉडबैण्ड नेटवर्क एवं आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग शामिल हैं। हड़ताल में डांक सेवक संघ के अर्जून प्रसाद, ग्यासुद्दीन खान, नितयानंद सिंह, सरवर खान, मनोज यादव, इरफान खान, सूरेश बेक, जय प्रकाश सिंह, प्रकाश उराव, रामेश्वर सिंह, रीया रचना बेक, सिमरण सिंह, सकिंद्र उरांव, प्रेम प्रताप सिंह, संतोष उरांव, रघुनाथ सिंह, रानी तिर्की, पावित्री उरांव, प्रदीप साव, सुमंत कुमार, सरफराज खान, सौरभ कुमार, रोहित उराव, सरयू धर लाल भगत, कृत कूमार, कन्हाई यादव, मुकेश प्रसाद, रामू उरांव, वर्षा कुमारी, अनिकेत कुमार आदि शामिल थे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

सदर व गिद्धौर थाना क्षेत्र के सीमा पर अवस्थित भेड़ी फॉर्म के नजदीक एक अज्ञात वाहन ने सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के कुरकुटा गांव निवासी वासुदेव भुइयां के पुत्र प्रेम कुमार भारती (25) के रूप में हुई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह बेलगाछ नामक स्थान पर चतरा-चौपारण मार्ग को जाम कर दिया। जाम करीब दो घंटा तक रहा। ग्रामीण अज्ञात वाहन को पकड़ने के



साथ मृतक के परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। मौके पर सदर अंचल अधिकारी, एथाना प्रभारी मनोहर करमाली पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया बुझाकर शांत करवाया। इसके उपरांत सड़क जाम हटा लिया गया। बताया जाता है कि प्रेम कुमार भारती उटा से गैस लेकर अपने घर कुरकुटा आ रहा था।

# 'साहू की लोकप्रियता डरी हुई है भाजपा, इसी वजह से आयकर विभाग को लगाया'

#### सांसद प्रतिनिधि ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू प्रतिनिधि आमिर हयात ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि साहू सीधे-साधे और सामाजिक प्रतिष्ठा के धनी व्यक्ति हैं। जिस तरह से धीरज प्रसाद साहू के यहां आयकर विभाग की छापेमारी हुई है वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। कहा कि जिस तरह से भाजपाई बयानबाजी कर रहे हैं उनसे कहना चाहता हूं कि धीरज प्रसाद साहू कोई मुख्यमंत्री या केंद्रीय मंत्री नहीं थे। उन्होंने धन अर्जित अपने व्यवसाई से किया है। चतरा लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार धीरज प्रसाद साहू की लोकप्रियता बढ़ने से भाजपा पूरी तरह से डरी हुई है, जिसकी वजह से आयकर विभाग को लगाया गया है। कहा कि जब भारत आजाद हुआ था तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए धीरज प्रसाद साहू के स्व. पिता बलदेव साहू ने भारत सरकार को 47 लाख रुपये और 47 किलो सोना दान किया था। कहा कि धीरज प्रसाद साहू गरीब असहाय लोग से सीधे तौर पर जुड़ना भाजपाइयों को रास नहीं आ रहा है। भाजपा के मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 9 साल में भाजपा की मोदी सरकार ने अपने चुनिंदा उद्योगपतियों के लगभग 15 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए। 15 लाख करोड़ रुपये से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ-साथ किसान गरीब मजदूर के बाल बच्चे का स्वास्थ्य शिक्षा अच्छी तरह से हो जाती। इससे देश उन्नति करता, आगे बढ़ता। इस मामले में पूछे जाने पर पीएम चुप्पी साथ लेते हैं। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं इतना पैसा नहीं देखा है कही, अपने बेटे की कंपनी को देख लें किस तरह से दिन प्रतिदिन दौलत का इजाफा हो रहा है। अब तक आयकर विभाग द्वारा धीरज प्रसाद साहू के यहां छापामारी को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिर भी भाजपाई अपना केंद्र में राजनीतिक कद बढ़ाने के लिए बेतुकी बयानबाजी करते हैं जिसका बालूमाथ कांग्रेस कमेटी घोर निंदा करती है।

### डीसी-एसपी से लापता मां-बेटी की वापसी की गुहार

**बारियातु।** थाना क्षेत्र की डाढा पंचायत के पुक्कु ग्राम निवासी दीपक यादव की 25 वर्षीय बहन बिंदिया कुमारी अपनी एक वर्षीय बेटी के साथ 15 दिन पूर्व अपने ससुराल चतरा के टणडवा प्रखंड स्थित होन्हे गांव से लापता है। दीपक ने पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व उपायुक्त हेमांशु मोहन से उनकी सकुशल वापसी को लेकर मदद की गुहार लगाई है। दीपक ने बताया कि बिंदिया की शादी छह वर्ष पूर्व टंडवा थाना क्षेत्र के होन्हे गांव निवासी मनोहर यादव के साथ हुई थी। कुछ ही दिनों के बाद बिंदिया के ससुराल वाले दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। बीती 27 नवंबर की रात बिंदिया के ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की थी। बहन ने बताया था कि पति, देवर व गोतनी ने दहेज को लेकर काफी मारपीट की है और जान से मारने की धमकी देते हुए दूसरी शादी करने की बात कहते हैं। वहीं ससुराल वालों ने हम सूचना दी कि बिंदिया एक वर्षीय बच्ची के साथ लापता हो गई है।

उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,गुमला
(जिला पर्यटन,कला–संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
(जिला खेल कार्यालय)
Email id- sportsgumla@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक–548, दिनांक–29.09.2023 के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक दिनांक– 01 नवम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक किया जाना निर्धारित हैं। उक्त के आलोक में निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक– 994, दिनांक–04.11.2023 के द्वारा गत् वर्ष की भाँत्ति इस वर्ष भी मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता–2023 में पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी–शर्ट एवं खेल किट (जर्सी शॉट्स, फुटबॉल शूज, मोजा, सिन गार्ड एवं गोलकिपर ग्लब्स) उपलब्ध कराया जाना हैं। उक्त के निमित इच्छुक निर्माता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्ता से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदादाता दिनांक–20.12.2023 को अपराह्न 04:30 बजे तक जिला खेल कार्यालय, गुमला में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर निविदा DROP BOX में जमा करेंगें। उक्त निविदा को दिनांक 21.12.2023 अपराह्न् 01:00 बजे विकास भवन, गुमला के सभाकक्ष में निविदा निष्पादन समिति के द्वारा खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
नोटः–निविदा के शर्तें एवं विस्तृत जानकारी जिले के बेबसाईट www.gumla.nic.in एवं जिला खेल कार्यालय गुमला के सूचना पट पर देखा जा सकता हैं।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
गुमला
PR 313233 District(23-24).D

# 'कौशल विकास कर रोजगार से जुड़ें युवा'

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोनलाइजेशन कैंप का आयोजन बीडीओ सोमा उरांव के नेतृत्व जेएसएलपीए के मध्यम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालूमाथ पूर्वी जिप सदस्या प्रियंका कुमारी, बीडीओ सोमा उरांव, सीओ तृप्ति विजिया कुजूर, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजपा मंडल महामंत्री विजय यादव आदि ने संयुक्त रूप से किया। वहीं जिप सदस्य ने कहा कि 18-35 वर्ष के युवा इस माध्यम से ट्रेनिंग प्राप्त कर नौकरी कर सकते हैं। अमित ने कहा कि 6 से 12 महीने की ट्रेनिंग प्राप्त कर रोजगार से जुड़ सकते हैं।

### पहल | जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने किया निरीक्षण

# रैन बसेरा के मैनेजर को दिए दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपेई ने सड़क या फुटपाथ पर रहने वालों के आवासन को लेकर एक अभियान की शुरुआत मंगलवार को की। सचिव ने बताया कि डीएलएसए ने कानूनी सहायता के साथ मानवता के प्रति भावनात्मक तौर से एक सामाजिक दायित्व निभाने की मुहिम प्रारंभ की है।

इसके तहत ऐसे लोगों को, जो रोज सड़क के किनारे या फुटपाथ पर सोते हैं, को खुले आसमान से रैन बसेरा में आश्रय दिलाने का काम किया जाएगा। इस बाबत बताया गया था कि नगर परिषद




चतरा क्षेत्र के डोमसिटवा वार्ड 2 में आश्रय गृह (रैन बसेरा) का संचालन किया जा रहा है। रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित सिटी मिशन मैनेजर पिंकी सिन्हा ने बताया कि इस आश्रय गृह में 11 बेड, ठंड के दिनों में हिटर, मच्छरदानी, गर्मी के दिनों के लिए कूलर, पंखा, प्राथमिक स्वास्थ्य आदि की सुविधा उपलब्ध है और सब कुछ निशुल्क है। इसमें फुटपाथ पर जीवन बसर करने वालों आदि को आश्रय दिया जाता है। सिन्हा ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर न सोए। आश्रय के लिए फोन नंबर 7488475790 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं सचिव ने फुटपाथ में लाचारी से जीने वाले लोगों की पहचान कर सूची तैयार कर देने की बात कही। इसके लिए पीएलवी को निर्देश दिए कि रात्रि भ्रमण कर वैसे लोगों का चयन करें जो सड़क के किनारे या फुटपाथ पर रात्रि बिताने के लिए लाचार हैं।

कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला- लातेहार
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण
सूचना संख्या – 07/2023–24
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

| Sl. No. | Particulars | Security Fees | Quantity | Tender Fee | Last date and time of submission of Quotation document | Date of opening Quotation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Quotation is invited from eligible reputed qualified firms/companies with sound Technical and Financial capabilities for | | | | | | |
| 01 | LAPTOP Configuration:- Gold 6C683PA 12TH Gen. i5-1235U 8GB 512GB SSD Intel iris xe Graphics Win11 MSO H & S 2021, Backlit KBD Alexa Built-in +TNR 14 FHD Brightview IPS 250 nits/Warm Gold No Bag | 5000.00 | 01 | 1000.00 | Date 22.12.2023 Time 2.30 P.M. | Date 22.12.2023 Time 3.30 P.M. |
| 02 | PRINTER HP Laser MFP 1188 fnw Printer A4 Black and White Laser Multifunction Printer perfect for Home & Office. Print copy, scan,Fax & ADF. Print speed uo to 20 ppm (black) USB Mobile printing ,HP Smart App Apple Air Print, Wi-Fi | | 01 | | | |
| 03 | PRINTER HP Smart Tank 581 All in One, High-capacity Ink Tank Printer | | 01 | | | |

Terms & Conditions as below:—
1. The agency shall have experience of similar supply order in Other ULBs in Jharkhand.
2. The agency must have a valid GST and PAN with Return & Acknowledgement.
3. Rate quoted shall indicate GST amount.
4. Security Money and Tender Fee Demand Draft/Banker Cheque in Favor of Executive Officer, Nagar Panchayat Latehar

Executive Officer
Nagar Panchayat Latehar
PR 313303 Urban Development (23-24)_D

**जज्बा रखो सच व झूठ को परखने का, कानों में जहर घोलना तो जमाने का काम है : अज्ञात**



# भारत-पाक सुलझाएं कश्मीर मुद्दा: चीन

*चीनी* विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस मुद्दे पर चीन की प्रतिक्रिया मांगने वाले एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कश्मीर मुद्दे पर प्रासंगिक पक्षों को बातचीत और परामर्श के माध्यम से विवाद को सुलझाने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा करने की जरूरत है। चीन के सदाबहार मित्र पाकिस्तान ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कोई कानूनी मूल्य नहीं है, यह कहते हुए कि अंतरराष्ट्रीय कानून 5 अगस्त, 2019 को नई दिल्ली की ₹एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों₹ को मान्यता नहीं देता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने का भी निर्देश दिया। दोनों की प्रतिक्रिया स्वाभाविक और उनके क्रियाकलापों के अनुरूप तो है ही हास्यास्पद भी कही जा सकती है । पाकिस्तान की बात को आज भी कोई गंभीरता से नहीं लेता पर चीन की भाषा अमेरीका की तरह स्वयं को चौधरी घोषित करने की होती जा रही है ।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने का भी निर्देश दिया। दोनों की प्रतिक्रिया स्वाभाविक और उनके क्रियाकलापों के अनुरूप तो है ही हास्यास्पद भी कही जा सकती है । पाकिस्तान की बात को आज भी कोई गंभीरता से नहीं लेता पर चीन की भाषा अमेरीका की तरह स्वयं को चौधरी घोषित करने की होती जा रही है । वह अपने को महाशक्ति की तरह प्रदर्शित करने का प्रयास तो कर रहा है पर वह यह भी जानता है कि अब समय बदल चुका है क्योंकि अब भारत कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा नहीं मानता और अपनी बातों को घरेलू मंचों से लेकर वैश्विक मंचों तक में स्पष्ट कर चुका है कि वह पूरा कश्मीर यानी पीओके भी लेकर रहेगा । जिस प्रकार मोदी सरकार निडर होकर बड़े निर्णय ले रही है उसका बड़ा घरेलू उदाहरण राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाना है जिससे पड़ोसी चीन और पाकिस्तान को बात समझ में आ गई होगी कि हिंदी चीनी भाई-भाई वाला समय अब नहीं रहा और अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी भारत के आत्मविश्वास और पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ताकत का अनुभव कर रहा है ।

भारत की वैसे सबसे बड़ी ताकत इसका सबसे बड़ा बाजार है जो उपभोक्ता वस्तुओं से लेकर सामरिक हथियारों का है । इस ताकत का रणनीतिक इस्तेमाल करने में मोदी सरकार माहिर है और विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की टीम अन्य नाजुक मुद्दों पर अभी तक सफल रही है जिससे भारत लगातार वैश्विक मंचों पर व्यवसाय से लेकर कूटनीतिक स्तर पर आगे बढ़ती दिख रही है । चीन और पाकिस्तान जैसे भारत के पारंपरिक शत्रु भारत से अब प्रत्यक्ष युद्ध न लड़कर छद्म युद्ध तेज करने पर उतारू हैं जिसका अगला पड़ाव कश्मीर को अशांत करना और भारत की न्यायप्रणाली पर सवाल उठाना तक शामिल है,जिसकी एक झलक पाकिस्तान दे चुका है । कोई आश्चर्य नहीं कश्मीर के मुद्दे पर मुखर तत्व इसी मुद्दे को लेकर हवा बनाने का प्रयास करें कि कश्मीर मुद्दे पर भारतीय कोर्ट को फैसला करने का अधिकार ही नहीं। इसमें भारत का इसे संयुक्त राष्ट्र संघ में ले जाने का पूर्व का स्टैंड उन्हें प्रेरणा देता है ।

## इन दिनों

# एकता को बल देने वाला युगांतरकारी फैसला

ललित गर्ग




*संविधान* के अनुच्छेद 370 पर सोमवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला निर्विवाद रूप से युगांतरकारी, ऐतिहासिक, राष्ट्रीय एकता को मजबूती देने वाला मील का पत्थर एवं अमिट आलेख है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल एक नया अध्याय लिखा बल्कि भारत की एकता और अखंडता को नई मजबूती भी दी। जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख का पूरा क्षेत्र विकास, सुशासन एवं लोकतांत्रिक दृष्टि से सिरमौर साबित होगा, इसमें सारे संदेहों पर से पर्दा उठ गया है। समूचा राष्ट्र जम्मू-कश्मीर के भारत का अभिन्न हिस्सा बनकर विकास के एक 'नये युग' में प्रवेश करने की इस नयी सुबह पर हर्षित है। कहा जा सकता है कि जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किये जाने से जुड़े विवाद पर इस फैसले ने एक तरह से पूर्ण विराम लगा दिया है। देश की सबसे बड़ी अदालत के पांच न्यायमूर्तियों की पीठ ने यह फैसला देकर साफ कर दिया है कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। इस विशेष प्रावधान को समाप्त करने के पीछे किसी तरह की दुर्भावना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मंशा है। कुल मिलाकर देखा जाय तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत, उर्वरा एवं समतामूलक जमीन तैयार की है। उम्मीद की जाय कि सभी पक्ष इस मौके का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित करने में अपना पूरा योगदान करेंगे। आजादी के समय तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन इसके बजाय संकीर्ण, अराष्ट्रवादी, स्वार्थी राजनीति जारी रखने के निर्णय के साथ भारत को विघटित, अशांत एवं अलोकतांत्रिक करने की कुचेष्टा की गयी। इससे राष्ट्रीय हितों की अनदेखी हुई। किन्हीं राजनीतिक आग्रहों, पूर्वाग्रहों एवं दुराग्रहों के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को आतंकवाद और अलगाववाद की तकलीफें लंबे समय तक झेलनी पड़ी हैं। भारत का एकीकरण 'एक प्रधान, एक निशान, एक विधान' के बिना अधूरा था बावजूद एक ही राष्ट्र में दो प्रधान, दो निशान एवं दो विधान की संकीर्ण एवं अराष्ट्रवादी सोच को पनपाने के षड़यंत्र आजादी के पचहत्तर वर्षों में होते रहे। लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, उसने एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद- 370 और 35 ए को निरस्त करने की ठानी और इस लक्ष्य को आखिरकार प्राप्त कर लिया गया। नेहरू युग के दौरान कांग्रेस द्वारा की गई कई 'ऐतिहासिक भूलों' में से एक को सुधारने के लिए पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया। जिसके बाद मोदीजी के नेतृत्व में कश्मीर में शांति और समृद्धि लौटी और लोगों ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। जम्मू कश्मीर की ऐतिहासिक एवं राजनीतिक भूल को सुधारने के लिये डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू मंत्रिमंडल में रहते हुए विरोध किया, इसके लिये मंत्रिमंडल छोड़ कर कठिन राह चुनी। जिन्होंने 'भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण' का सपना देखा था और जिसके लिए उन्होंने राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ी और यहां तक कि अपने जीवन का बलिदान भी दिया। इन राष्ट्रवादियों के प्रयत्नों का ही परिणाम है कि आज जम्मू-कश्मीर में एक उजली सुबह हुई है। जम्मू-कश्मीर की तथा कथित राजनैतिक शक्तियां ने सुप्रीम कोर्ट के इस अनूठे फैसले का विरोध किया है। यह एक विडंबना ही है कि अनुच्छेद 370 की अन्यायपूर्ण एवं विघटनकारी प्रकृति के बाद भी संकीर्ण राजनीतिक कारणों से यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि वह तो जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है, ऐसी दुराग्रही राजनैतिक शक्तियां अलग-थलग रहकर अपने राजनैतिक स्वार्थ की रोटियां सेकना चाहते हैं, उनकी नजर में वहां की अवाम के सुख-सुविधाओं एवं जीवन का कोई मूल्य नहीं है।

**जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख का पूरा क्षेत्र विकास, सुशासन एवं लोकतांत्रिक दृष्टि से सिरमौर साबित होगा, इसमें सारे संदेहों पर से पर्दा उठ गया है। समूचा राष्ट्र जम्मू-कश्मीर के भारत का अभिन्न हिस्सा बनकर विकास के एक 'नये युग' में प्रवेश करने की इस नयी सुबह पर हर्षित है। कहा जा सकता है कि जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किये जाने से जुड़े विवाद पर इस फैसले ने एक तरह से पूर्ण विराम लगा दिया है। देश की सबसे बड़ी अदालत के पांच न्यायमूर्तियों की पीठ ने यह फैसला देकर साफ कर दिया है कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। इस विशेष प्रावधान को समाप्त करने के पीछे किसी तरह की दुर्भावना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मंशा है। कुल मिलाकर देखा जाय तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत, उर्वरा एवं समतामूलक जमीन तैयार की है। उम्मीद की जाय कि सभी पक्ष इस मौके का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित करने में अपना पूरा योगदान करेंगे। आजादी के समय तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन इसके बजाय संकीर्ण, अराष्ट्रवादी, स्वार्थी राजनीति जारी रखने के निर्णय के साथ भारत को विघटित, अशांत एवं अलोकतांत्रिक करने की कुचेष्टा की गयी। इससे राष्ट्रीय हितों की अनदेखी हुई।**

## आप की बात

### आदिम परिवारों में भोजन का संकट

रामगढ़ प्रखंड के ग्राम चोरहट (बाघाटांड) निवासी 7 माह की गर्भवती आदिम जनजाति परहिया महिला सरस्वती देवी के खाने में पिछले एक माह के अन्दर एक दिन भी कोई दाल शामिल नहीं रहा ' ये स्थिति भयंकर आर्थिक बदहाली के कारण उत्पन्न हुई है ' आहार विशेषज्ञों के मुताबिक प्रत्येक ब्यक्ति को अपने 1 किलो वजन पर 1 ग्राम प्रोटीन दैनिक रूप से सेवन करना चाहिए ' प्रोटीन शरीर के ढाँचे और माँसपेशी को मजबूत करने का काम करते हैं ' सरहुआ गाँव की रहने वाली सरोज देवी और उनका परिवार जंगली कंद गेठी खाकर गुजारा करने को विवश है ' वहीं ग्राम पीढ़े की रहने वाली दौलतिया देवी ने अपने परिवार के दैनिक आहार में 50 फीसदी की कटौती कर गुजारा कर रही हैं ' क्योंकि उनके पास खाने के लिए अनाज नहीं है ' सरहुआ के ही विजय कोरवा और उमेश कोरवा दोनों परिवार समेत ईंट भट्ठों में कमाने चले गए हैं ' अब राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दिया जाने वाला खाद्यान्न लेने के लिए उनके परिवार से गाँव में कोई भी नहीं हैं ' इन परिवारों को यह बिल्कुल मालूम नहीं कि वन नेशन वन कार्ड भी कोई प्रणाली है जिसमें उनको पलायन वाले स्थान में भी खाद्यान्न मिल सकता है ' यह खाद्य संकट सिर्फ इन चंद परिवारों तक सीमित नहीं है, अपितु पलामू जिले के चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखण्ड के 1600 से अधिक आदिम जनजाति परिवार भोजन के संकट से जूझ रहे हैं ' खाद्य संकट के लिए सरकारी सिस्टम जिम्मेदार है। - **जेम्स हेरेंज, सदस्य, भोजन का अधिकार अभियान, झारखण्ड**

## प्रकृति

# मप्र में भाजपा शिव से मोहन तक परिषद की यात्रा

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

*अखिल* भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के देश की राजधानी में राष्ट्रीय अधिवेशन को अभी पूरा हुए 24 घंटे भी नहीं बीते हैं कि एक बार फिर से भारतीय राजनीति में देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश में एक ऐसे व्यक्ति को राजनेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बनाकर स्थापित किया है, जिसने सामाजिक जीवन एवं राजनीति की पाठशाला का पहला पाठ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में रहकर सीखा है। यह राज्य में दूसरे लगातार वाले मुख्यमंत्री बने हैं जिन्होंने कि विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति करते हुए अपना जीवन आरंभ किया है। इसके पहले हम सभी जानते हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनका पूरा व्यक्तित्व और कृतित्व विद्यार्थी जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ कार्य करते हुए गढ़ा है और उसी के आधार पर वे आगे बढ़ते चले गये। वे ऐसे आगे बढ़े कि प्रदेश में 18 साल तक मुख्यमंत्री रहने का कीर्तिमान स्थापित करने वाले शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के इस राज्य में पहले कार्यकर्ता हैं। अब ऐसे में उनके बाद उनकी परंपरा को आगे निर्वाह करने का दायित्व यदि सौंपा गया तो फिर एक बार पुनः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने को संघर्ष की आंच में तपाकर राजनीतिक जीवन में आये डॉ. मोहन यादव हैं। वस्तुतः छात्र जीवन से लेकर आजीवन संपूर्ण जीवन अपने राष्ट्र के लिए समर्पित रहना चाहिए। यह संदेश विद्यार्थी परिषद का सदा से रहता आया है। ज्ञान हो, शील हो और एकता भी हो, यह तीन गुण निश्चित तौर पर केवल छात्र जीवन में ही नहीं, समाज के हर वर्ग के विकास के लिए आवश्यक हैं। कहना होगा कि पार्टी स्तर पर अपनी सरकार के लिए विधायक दल के नेता चुनते वक्त यही एकता का मंत्र एक बार फिर से मध्यप्रदेश भाजपा में देखने को मिला है। जो बड़े-बड़े नाम पिछले कई दिनों से मीडिया की सुर्खियों में बने हुए थे, भाजपा की संगठन शक्ति और सामूहिक निर्णय ने एक झटके में सबको पीछे छोड़ दिया और एक ऐसे नाम को आगे बढ़ा दिया जिसके बारे में कोई अभी तक कल्पना भी नहीं कर सका था। जब वे साल 2013 में पहली बार बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की दक्षिण सीट से विधायक बने थे।

**छात्र जीवन से लेकर संपूर्ण जीवन अपने राष्ट्र के लिए समर्पित रहना चाहिए। ज्ञान हो, शील हो व एकता भी हो, यह तीन गुण निश्चित तौर पर केवल छात्र जीवन में ही नहीं, समाज के हर वर्ग के विकास के लिए आवश्यक हैं।**

## बोधि वृक्ष

# ऋषि मार्कण्डेय की कथा

**मार्कंडेय पुराण का कुछ अंश :** मार्कंडेय पुराण में वर्णित तीन सच्चे अनुभव उन गलत धार्मिक प्रथाओं पर प्रकाश डालेंगे जिनका पालन पहले ऋषियों और हमारे पूर्वजों द्वारा किया जाता था, जिसके कारण जन्म-मृत्यु और पुर्नजन्म की बीमारी समाप्त नहीं हुई और देवता, ऋषि, संत, राजा आदि और इनका अनुसरण करने वाले लोग भी सभी पुनरावृत्ति में रहे। आइये समीक्षा करते हैं: स्वर्ग के राजा यानी भगवान इंद्र की सच्ची कहानी जो मृत्यु के बाद गधा बनते हैं एक बार की बात है ऋषि मार्कंडेय भगवान को निराकार मानकर बंगाल की खाड़ी में बहुत लंबे समय तक ब्रह्म-काल का तप कर रहे थे। स्वर्ग में भगवान इंद्र के रूप में विराजमान आत्मा को हमेशा यह डर रहता है कि 72 चतुर्युग के अपने कार्यकाल के दौरान यदि पृथ्वी पर कोई भी मनुष्य (साधक) तपस्या करता है और अपनी धार्मिक गतिविधियों में कोई गड़बड़ी किये बिना धार्मिक उपलब्धियां हासिल करता है तो वह साधक भगवान इंद्र की पदवी प्राप्त करने के योग्य हो जाता है। चूँकि स्वर्ग के राजा का पद घोर तपस्या से प्राप्त होता है। वह सफल साधक भगवान इंद्र के रूप में विराजमान हो जाता है और वर्तमान भगवान इंद्र का पद छीन लिया जाता है। इसलिए, जहां तक? संभव हो, भगवान इंद्र अपने कार्यकाल के दौरान किसी भी साधक के तप या धार्मिक बलिदान को पूर्ण नहीं होने देते हैं और साधक की तपस्या को भंग कर देते हैं, चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े। जब भगवान इंद्र के दूतों ने उन्हें बताया कि ऋषि मार्कंडेय बंगाल की खाड़ी में तप कर रहे हैं, तो उन्होंने ऋषि मार्कंडेय के तप को भंग करने के लिए, अपनी सबसे अधिक खूबसूरत , युवा और अत्यंत आकर्षक पत्नी अप्सरा उर्वशी को पृथ्वी लोक पर भेजा। उर्वशी को स्वर्ग की सभी अप्सराओं में सबसे सुंदर अप्सरा माना जाता है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X - से




अपने पत्र हमें इमेंल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

# मायावती के लिए आत्मचिंतन का समय

रमेश सर्राफ धमोरा

*हाल* ही के राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। इस बार के बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गये मगर सीट एक भी नहीं मिली। इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जब्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उत्तराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाायक हैं। उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था, वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी।

**हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विस चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है।**

## टेक वर्ल्ड

# Aipin : स्मार्टफोन को नयी चुनौती

**ऐसी** ही एक नयी तकनीकी उपलब्धि है Aipin यह छोटी सी डिवाइस जिसने स्मार्टफोन को भी चौंका दिया है। इसका डिजाइन इतना उत्कृष्ट है कि यह दीवाना बना सकता है। स्मार्टफोन से लेकर इंटरनेट ऑफ थिंग्स तक, हर एक नवाचार ने हमारे जीवन को सरल और सुगम बनाने की कोशिश की है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि एक छोटी-सी डिवाइस जो स्मार्टफोन को भी पीछे छोड़ सकती है? ऐसी ही एक नयी तकनीकी उपलब्धि है Aipin। यह छोटी सी डिवाइस जिसने स्मार्टफोन को भी चौंका दिया है। Aipin एक स्मार्ट डिवाइस है जो आपको हर वो सुविधा देने के लिए तैयार है, जो आपके दिनचर्या को और भी सरल बना सकता है। Aipin के डिजाइन में ऐसी खासियतें हैं जो इसे अन्य स्मार्ट उपकरणों से अलग बनाती हैं। यह छोटा, हल्का, और आकर्षक है, इसे आप अपनी जेब में भी रख सकते हैं।




इसके इंटरफेस में आसानी से नेविगेट करना भी सीखने में आसान है। इसके फंक्शनलिटी में भी कुछ खास बातें हैं। यह आपके स्मार्टफोन की सभी जरूरी सुविधाओं को नियंत्रित कर सकता है। आप इसे फोन के साथ जोड़कर उसे विभिन्न कामों के लिए उपयोग कर सकते हैं, जैसे कि कैमरा कंट्रोल, कॉल करना, म्यूजिक प्ले करना, या इंटरनेट सर्फ करना। इसका डिजाइन और उपयोग सरल होने के साथ-साथ मोबाइल प्रॉब्लम्स से छुटकारा भी दिला सकता है। यह आपको निरंतर स्क्रीन पर चिपके रहने से बचा सकता है, जिससे आपकी आंखें आराम पा सकती हैं। इसके अलावा, Aipin की बैटरी भी लंबे समय तक चल सकती है, जिससे इसका इस्तेमाल लंबे समय तक किया जा सकता है बिना किसी चिंता के। इसकी सशक्त तकनीक और आसान उपयोगिता ने इसे बना दिया है एक विशेष उपकरण। - **अनिमेष शर्मा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम के लिए 20 युवा रवाना



**लोहरदगा।** 158वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के सौजन्य से वर्ष 2023-24 के दौरान चलाये जा रहे 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के क्रम में मंगलवार को लोहरदगा से 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को बैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया। जहां पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा (झारखंड) की संस्कृति व रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा। एक सप्ताह के सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में इन्हें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करने का अवसर मिलेगा तथा इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद इनमें देश की सांस्कृतिक विविधता व एकता के बारे में बेहतर समझ का विकास होगा। बैंगलोर (कर्नाटक) यात्रा में इनका मार्गदर्शन करने के लिए एक पुरूष व एक महिला सदस्य इनके साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से नियुक्त किया गया है जो यात्रा व कार्यक्रम के दौरान इनके साथ रहेंगे तथा आवश्यकतानुसार इनकी मदद/सहयोग करेंगे। अब तक 158 बटालियन द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में 140 छात्र तथा छात्राएं भेजे जा चुके हैं। 12 दिसंबर को बैंगलोर (कर्नाटक) जाने वाले जत्थे को कमांडेंट राहुल कुमार तथा नेहरू युवा केंद्र के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता अंतर्गत जिला स्तरीय महिला/पुरूष फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सीएम उत्कृष्ट प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में खेली जाएगी। 13 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन दोपहर 1 बजे होगा। समापन 15 दिसंबर को होगा। उक्त जानकारी जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा ने दी।

### सारथी योजना को लेकर हुई बैठक

**महुआडांड़।** स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर प्रखंड की सहिया के साथ बैठक की गई। इसमें योजना का लाभ पलायन करने वाले ग्रामीणों को देने की बात एसजीआरएस संस्था के अब्दुल जब्बार ने कही। साथी ही सभी पंचायतों में एक-एक पंचायत संवायक के लिए चयन करने का जिम्मा प्रखंड की सहिया को दिया गया। मौके पर एसजीएसएस संस्था के लातेहार जिला समन्वक मनोज दत्त देव भी उपस्थित थे।

### पंचायत स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण सह जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न

**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र की कदगावांकला पंचायत में मंगलवार को जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मनरेगा से संबंधित मेढबंदी, बिरसा व आम बागवानी, टीसीबी समेत अन्य योजनाओं के अंकेक्षणोप्रांत मामले को प्रस्तुत किया गया। इस दौरान ज्यूरी के सदस्य विवेक सिंह पंसस, हिमांशु सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, छत्रधारी भुईयां मनरेगा मजदूर, गायत्री देवी जेएसएलपीएस सदस्य एवं नितू देवी मनरेगा सदस्य आदि मौजूद थे। कुछ योजनाओं में विषंगतियां पाई गयी। इससे संबंधित कर्मियों पर सामान्य अर्थदंड और भविष्य में योजनाओं के संचालन में सुधार की चेतावनी के साथ मामलों का निष्पादन किया गया। मौके पर अंकेक्षण टीम के बीआरपी जितेंद्र गुप्ता, भीआरपी अंकित कुमार, अरुण कुमार, अजित कुमार, मुखिया अशोक कुमार भुईयां, पंचायत सचिव सतिश कुमार मिश्रा, रोजगार सेवक अर्जुन राम, कार्यकारणी सदस्य सुभाष कुमार सिंह, सुभाष कुमार दास के अलावा भारी संख्या में पंचायत की महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### आजसू ने दिया पीएचडी को एक महीना का अल्टीमेटम, हुई सकारात्मक वार्ता

**लातेहार।** जिले भर में हर घर नल जल योजना के कार्य में भारी लापरवाही के कारण आजसू पार्टी की पीएचडी से सकारात्मक वार्ता हुई जिसमें पार्टी ने जिले भर से आये हुए शिकायत का निष्पादन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही समस्याओं को जानने हेतु आजसू पार्टी ने मोबाइल नंबर सार्वजनिक किया ताकि लोग अपनी समस्या बता सके। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल जल योजना के कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर आजसू पार्टी ने मंगलवार को पीएचडी विभाग को ज्ञापन सौंपा। एक महीने में अगर इन मामलों पर कार्रवाई नहीं होती है तो पार्टी आंदोलन को विवश होगी। कार्यपालक अभियंता दीपक महतो ने सभी त्रुटियों को खत्म करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय, जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय, छात्र संघ के अध्यक्ष अभिजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# 46 छात्र-छात्राओं को साइकिल खरीदने के लिये मिला चेक

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र की चितरी डांडू पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के समीप मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ जिप सदस्य राधा तिर्की, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, मुखिया दिलीप उरांव, सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर भगत आदि ने किया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणककरी योजनाओं के स्टॉल लगाये गये थे।




इस मौके पर राधा तिर्की ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनता लें और स्वरोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच लगभग 35 लाख रुपये की परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। 46 छात्र-छात्रओं को साइकिल खरीदने के लिये 4500 रुपये का चेक दिया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, सदस्य जमील अंसारी, पंचायत सचिव अधीश खाखा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार, प्रभारी कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत आदि उपस्थित थे।

## अब साइकिल से विद्यालय जाएगी किस्को प्रखंड की नूरजहां परवीन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

किस्को प्रखंड स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय परहेपाट में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में प्रोजेक्ट विद्यालय किस्को की छात्रा नूरजहां परवीन को झारखंड सरकार की साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत साइकिल के लिए 4500 रुपये की राशि का स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। नूरजहां ने कहा कि वे काफी दूर से अपने विद्यालय आती थीं। अब सरकार द्वारा साइकिल क्रय करने के लिए राशि दी गई तो अब साइकिल से ही विद्यालय आउंगी। नूरजहां ने इस योजना का लाभ दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया।







**शिवानी को मिली साइकिल की राशि :** किस्को प्रखंड में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में प्रोजेक्ट विद्यालय, किस्को की छात्रा शिवानी कुमारी को राज्य सरकार के साइकिल योजना अंतर्गत 4500 रुपये की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। शिवानी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया और कहा कि गांव से विद्यालय पैदल आने-जाने में काफी दिक्कत होती थी। इस परेशानी को सरकार ने समझा और साईकिल के राशि मिली। अब समस्या दूर हो जाएगी।

**रामकिशुन को मिली लुंगी व साड़ी :** किस्को प्रखंड स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय परहेपाट में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में परहेपाट निवासी रामकिशुन राम को धोती/लुंगी व साड़ी वितरण योजना के अंतर्गत लुंगी एव साड़ी प्रदान किया गया। रामकिशुन ने कहा कि सरकार वर्ष में दो बार लुंगी और साड़ी दे रही है। बीते वर्ष भी मिली थी। सरकार भोजन से लेकर तन ढंकने तक का कार्य कर रही है। हरे राशन कार्ड में राशन मिल जाता है। ऐसा कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हैं।

### कैरो में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# हर पंचायत में 10 चापाकल लगेंगे : मंत्री डॉ. रामेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को कैरो प्रखंड की हनहट पंचायत स्थित बुनियादी विद्यालय, मैदान में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। सरकार सभी वर्ग को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन दे रही है। ग्रीन राशन कार्ड योजना में गरीबों को राशन और धोती/लुंगी व साड़ी का लाभ दे रही है। धोती/लुंगी एवं साड़ी योजना का लाभ वर्ष में दो बार दिया जा रहा है। सावित्रीबाई फुले योजना लड़कियों को आर्थिक रूप से सुदृढ किया जा रहा है। 20 लाख लोगों को 5 किलो प्रति व्यक्ति राशन का वितरण, धोती, लुंगी, साड़ी राज्य सरकार दे रही है। अब गरीब व्यक्ति माड़ भात नहीं बल्कि गरीब परिवार के लोग अब दाल भात खाएंगे। इसकी व्यवस्था झारखंड सरकार की ओर से की गई है। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत पक्का मकान के लिए राशि दी जाएगी। आदिवासी मूलवासी समुदाय के लोगों के लिए सरकार अखाड़ा का निर्माण करेगी। साथ में ढ़ोल, मांदर, नागड़ा इत्यादि वाद्य यंत्रों की व्यवस्था पूरे



जिले में हो रही है। मंत्री ने कहा कि मदरसा चौक से हनहट तक सड़क सुदृढ़ीकरण होगा। जिले के प्रत्येक पंचायत में 10 चापाकल का निर्माण कर आमजनों के पेयजल की समस्या दूर की जाएगी। इसमें विधायक कोष और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल्द 5-5 चापाकल लगाया जाएगा। मंच पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को इसपर जल्द पहल करने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम में दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में वनांचल कला केंद्र, अरकोसा द्वारा सड़क सुरक्षा पर लोगो को जागरूक करने के लिए, नशामुक्त वाहन चलाने,दोपहिया वाहनों में हेलमेट पहनने एवं ट्रिपल सवारी न करने के लिए लोक गीत के माध्यम से बेहतर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण योजना, झारखंड राज्य संवर्धन सोसायटी कैरो को 42 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज, राशन कार्ड धारियों के बीच धोती/लुंगी एवं साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण योजन समेत अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, मंत्री के पुत्र रोहित, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो आदि अधिकारी मौजूद थे।

## पत्नी हुई लापता पति ने पुलिस से लगाई गुहार

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र की उगरा पंचायत स्थित मेढो ग्राम निवासी बुधराम उरांव ने सेन्हा थाने में आवेदन देते हुए सनहा दर्ज कर पत्नी को सकुशल बरामद करने की प्रशासन से गुहार लगाई है। बुधराम उराव ने बताया कि मेरी पत्नी मांगो देवी 8 दिसंबर को बिना बताये घर से निकली थी, जो आज तक लौट कर वापस नहीं आई। पत्नी के घर नहीं लौटने पर अपने सगे संबंधी रिश्तेदार और आसपास में पूछताछ कर छानबीन की परंतु मांगो देवी का कोई सुराग नहीं मिला। बताया कि लापता महिला की लंबाई 5 फीट 5 इंच, रंग सांवला,पहनावा क्रीम कलर का सूट तथा पैर में हवाई चप्पल पहनी हुई है। इस संदर्भ में एसआई गणेश यादव ने कहा कि किसी व्यक्ति को लापता महिला की सूचना मिले या कहीं दिखे तो स्थानीय थाना को सूचित करते हुए सहयोग करने की अपील की गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से महिला की गुमशुदगी रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए अग्रतर कारवाई आरंभ कर दी गई है।

## जेएसएससी परीक्षा स्थगित होने पर भाजयुमो का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जेएसएससी द्वारा 16 एवं 17 दिसंबर 2023 को होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा स्थगित होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन शहरी क्षेत्र के बरवाटोली में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस परीक्षा में 2025 पदों कि नियुक्ति होनी थी जिसमें कुल साढे छः लाख विद्यार्थियों ने फार्म भरा था। परीक्षा स्थगित होने के विरोध में युवा मोर्चा एवं विद्यार्थियों के द्वारा जमकर नारेबाजी की गई कहा गया कि आयोग नियुक्ति परीक्षा के आयोजन करने में असमर्थ है। नियुक्ति परीक्षा अंतिम समय में स्थागित करने से छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय होता दिख रहा है। विद्यार्थियों की आयु सीमा बढ़ती चले जा रही है जिसके कारण विद्यार्थियों को आगे चलकर कठिनाई एवं बेरोजगारी का सामना करना पड़ सकता है यदि छात्र एवं युवा विरोधी सरकार होश में नहीं



आई तो युवा मोर्चा लोहरदगा छात्र एवं युवाओं के लिए सड़क लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, भाजपा नेता मिथुन तमेडा, जिला के महामंत्री बाल्मीकि कुमार, नगर अध्यक्ष पवन प्रजापति,शुभम गुप्ता, प्रवीण साहू,नवीन ठाकुर,बलराम साहु,विकास प्रजापति, मोहित लाल, सुमित उरांव, मनोहर साहू,शशि सिंह,हिमांशु शर्मा, सूरज सिंह ,सूरज यादव, विक्रांत कुमार,रितिक वर्मा, शशि सिंह, प्रियांशु सिन्हा, विवेक सोनी, जय राणा, रवि अग्रवाल, रवि साहू आदि अनेक युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुम्हार मोड़ हत्याकांड का उद्भेदन, पड़ोसी गिरफ़्तार

**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड कुम्हार मोड़ में किराये के मकान पर रह रहे अयुब शेख पर जानलेवा हमला किया गया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने घटना को लेकर गुमला थाना में कांड दर्ज कराया। इसके आधार पर पुलिस ने मृतक के पड़ोसी मेहंदी हसन उर्फ गोल्डेन (25) को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया। इस संबंध में मंगलवार को एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि कांड अंकित होने के बाद मामले का उद्भेदन के लिए थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर बगल के कमरे में किराये पर रह रहे मेहंदी हसन उर्फ गोल्डेन को गिरफ्तार किया। मेहंदी हान ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। घटना के संबंध में गिरफ्तार मेहंदी हसन ने बताया कि उसके घर से मृतक ने 40 हजार रुपये की चोरी कर ली थी। पैसे को बार-बार मृतक से मांगा गया। मगर वह रुपये लौटाने में आनाकानी कर रहा था। इसलिए गुस्से में आकर क्रिकेट बल्ला से मारकर उसको जख्मी कर दिया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा में न्यू जय माता होटल के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना लगभग 10:30 बजे रात्रि की है। जैसे ही घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली तत्काल डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, एसआई गणेश कुमार यादव, कुलदीप राम दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। वहीं मृतक की पहचान जोगना निवासी रविंद्र उरांव के 19 वर्षीय पुत्र अंकित उरांव के रूप में की गई। शव की शिनाख्त के पश्चात परिजनों को घटना की सूचना मिलते ही परिवार के बीच मातम छा गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर न्यू जय माता दी होटल के समीप ब्रेक डाउन बॉक्साइड लदा ट्रक खड़ी था। वहीं घाघरा की ओर से आ रहा रही बाइक अनियंत्रित हो खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई, जिससे चालक की मौत घटनास्थल पर हो गई। इस संदर्भ में पुलिस प्रशासन का कहना है कि सड़क दुर्घटना के कारण अंकित उरांव का मौत हुई है।



### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड क्षेत्र के हिसरी के समीप सड़क हादसा में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेश मंडा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार वो अपने भाई, बहन व भगिना के साथ अपने घर जोगियारा लौट रहा था। बगरू लोहरदगा मुख्य पथ जोड़ा अंबा के समीप हिसरी से लोहरदगा की ओर आ रहे बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सुरेश मंडा और छोटा भाई संजय मुंडा और बहन सविता उरांव और एक छोटा बच्चा बाइक से गिर गए। बच्चे का छोड़ सभी को गंभीर चोटें आई थीं। वहीं सुरेश मुंडा की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### अज्ञात वाहन के धक्के से राहगीर घायल

**गुमला।** पैदल चल रहे एक व्यक्ति को एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बकसपुर तालाब के समक्ष एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक राहगीर 33 वर्षीय क्रिस्टोफर एक्का गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में ग्रामीणों ने इलाज के लिये उसे गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### हादसे में उपचालक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला थाना स्थित अरमई बाईपास रोड पर सोमवार की रात्रि एक खड़े ट्रक को पीछे से ट्रेलर गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। फलस्वरुप ट्रेलर गाड़ी के उपचालक बिहार निवासी 19 वर्षीय कर्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके दोनों पैर टूट गये हैं। उसके शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोट आई है। उसे ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर होते देख मंगलवार को 108 एंबुलेंस से रांची रिम्स रेफर कर दिया।

**तैयारी** उप विकास आयुक्त ने की बैठक

# मुख्यमंत्री का 19 को होगा गुमला जिले में आगमन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

आगामी 19 दिसंबर को गुमला जिले में झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने जिले के वरिय अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसको लेकर सारी व्यस्थाओं को सुदृढ़ एवं दुरुस्त किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 200 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण करने का टारगेट निर्धारित किया। इसके अलावा बैठक में स्टेज मैनेजमेंट, स्टॉल्स मैनेजमेंट, परिसंपत्ति वितरण आदि जैसे कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।




## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (परिवहन शाखा)

### आम-सूचना

एतद् सूचना द्वारा गुमला जिलान्तर्गत सभी इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि राज्य के सुदूर क्षेत्रों में परिवहन सेवा को बेहतर बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखण्ड, अनुमण्डल एवं जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिये राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत् वरिष्ठ नागरिक, विधवा, विद्यालय/महाविद्यालय के विद्यार्थी, एच0आई0वी0 पोजिटिव व झारखण्ड आंदोलनकारियों को यात्रा में पूर्ण रियायत दी गई है, इसके अतिरिक्त यात्रा करने वाले व्यक्तियों से निर्धारित वाहन भाड़ा लिया जा सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव, द0छो0 प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 29.11.2023 को सम्पन्न बैठक में जिला स्तरीय समिति, गुमला द्वारा अनुशंसित कुल 21 ग्रामीण मार्गो को अनुमोदित किया गया है। योजनान्तर्गत वाहन मालिको को खास रियायत दी गई है । जो वाहन मालिक योजना में शामिल होते हैं, उन्हें नये वाहन के क्रय पर सब्सिडी एवं रोड टैक्स में पूर्ण छूट के साथ वाहन का निबंधन एवं परमिट सिर्फ 1 रुपये के भुगतान पर जारी किया जायेगा। योजनान्तर्गत परिचालित किये जाने वाले विभिन्न श्रेणी के लिये विशेष वित्तीय सहायता निम्नवत प्रदान किया जायेगा:-

| वाहन की श्रेणी बैठान क्षमता के आधार पर | 33 से 42 सीट तक के वाहन पर | 25 से 32 सीट तक के वाहन पर | 12 से 24 सीट तक के वाहन पर | 07 से 12 सीट तक के वाहन पर |
|---|---|---|---|---|
| देय विशेष वित्तीय सहायता | 18 रुपये प्रति किलोमीटर | 14.50 रुपये प्रति किलोमीटर | 10.50 रुपये प्रति किलोमीटर | 7.50 रुपये प्रति किलोमीटर |

अतः निम्नअंकित अनुशंसित मार्ग के लिये इच्छुक व्यक्ति इच्छा की अभिव्यक्ति के आधार पर निर्धारित विभागीय संकल्पानुरुप जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में नये वाहन क्रय कर वाहन के संचालन हेतु आवेदन कर सकते हैं:-

| क्र0 | मार्ग का नाम (भाया सहित) | प्रस्तावित मार्ग का नाम: मूल प्रस्थान स्थन | प्रस्तावित मार्ग का नाम: मूल प्रस्थान स्थन | प्रस्तावित मार्ग का नाम | परिचालन किये जाने वाले वाहन का प्रकार (बैठान क्षमता) के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कमलपुर से गुमला भाया चैनपुर, कुरुमगढ़ कोटाम, खरका, टोटो | कमलपुर | गुमला | 80 | 42 सीटर |
| 2 | लुपुंगपाठ से गुमला भाया घुंघरुपाठ, लोराम्बा, डोकापाठ | लुपुंगपाठ (चैनपुर) | गुमला | 80 | 42 सीटर |
| 3 | गुमला से जैरागी भाया गुमला, करमटोली, चैनपुर, डुमरी, जैरागी | गुमला | जैरागी | 88 | 42 सीटर |
| 4 | डोकापाठ से गुमला भाया लोराम्बा, चैनपुर, कुरुमगढ़, कोटाम, खरका | जनावल पंचायत | गुमला | 88 | 42 सीटर |
| 5 | गुमला से जैरागी भाया घाघरा, कोटाम, कुरुमगढ़, चैनपुर, डुमरी | गुमला | जैरागी | 110 | 42 सीटर |
| 6 | गुमला से डुमरी भाया घाघरा, कोटाम, कुरुमगढ़, चैनपुर | गुमला | डुमरी | 95 | 42 सीटर |
| 7 | गुमला से चैनपुर भाया घाघरा, कोटाम, कुरुमगढ़ | गुमला | चैनपुर | 80 | 42 सीटर |
| 8 | बसिया से कटकाही भाया नाथपूर, टेंगरिया, बघिमा, गुमला करमटोली, चैनपुर | बसिया | चैनपुर | 120 | 42 सीटर |
| 9 | तुसगांच से गुमला भाया जोरी, जरागी, कोटाम, घाघरा, खरका, टोटो | तुसगांव | गुमला | 70 | 42 सीटर |
| 10 | रामपुर से चैनपुर भाया हाफु, कुम्हारी, मुरकुण्डा, गुमला, कोटाम, कुरुमगढ़ | रामपुर | चैनपुर | 124 | 42 सीटर |
| 11 | गुमला से तुसगांव भाया घाघरा, रुकी, सलामी, हेदमी | गुमला | तुसगांव | 70 | 42 सीटर |
| 12 | सिसई से बनारी (विषुनपुर) भाया पुटो, घोड़ाटांगर, घाघरा | सिसई | विशुनपुर | 65 | 42 सीटर |
| 13 | सिसई से बनारी (विशुनपुर) भाया पुसो, कोराम्बे, घाघरा | सिसई | विशुनपुर | 75 | 42 सीटर |
| 14 | पोकला से लोहरदगा भाया करंज, कुम्हारी, पुटो, घोड़ाटांगर | पोकला | लोहरदगा | 115 | 42 सीटर |
| 15 | पोकला से गुमला भाया हाफु, कुम्हारी, मुरकुण्डा | पोकला | गुमला | 65 | 42 सीटर |
| 16 | गुमला से धुर्वा (रांची) भाया कुम्हारी, कामडारा कर्रा, लोदमा | गुमला | धुर्वा (रांची) | 120 | 42 सीटर |
| 17 | कोंसा (कामडारा) से गुमला भाया कामडारा, हाफु, कुम्हारी, कुम्हारी, जोलो | कोंसा (कामडारा) | गुमला | 70 | 42 सीटर |
| 18 | गुमला से बसिया भाया नगर (सिसई) | गुमला | बसिया | 70 | 42 सीटर |
| 19 | गुमला से बसिया भाया करंज, कुम्हारी, बसिया | गुमला | बसिया | 75 | 42 सीटर |
| 20 | पोकला से घाघरा भाया सिसई | पोकला | घाघरा | 90 | 42 सीटर |
| 21 | गुमला से बनाबीरा (सिमडेगा) भाया मांझाटोली, कोंडरा, रामरेखा | गुमला | बनाबीरा (सिमडेगा) | 85 | 42 सीटर |

आवेदन की प्रक्रिया व योजना के संबंध में विशेष जानकारी जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में कार्यालय कार्यदिवस के बीच प्राप्त की जा सकती है।

PR.NO.313232 Transport(23-24):D

जिला परिवहन पदाधिकारी, गुमला।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला, छह सुरक्षाकर्मी मारे गए

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के सबसे ज्यादा अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को दरबान थाने पर आत्मघाती आतंकी हमले में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान थाने को निशाना बनाया। विस्फोटकों से लदे वाहन से थाने की इमारत में टक्कर मार दी और फिर मोर्टार से हमला किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस दौरान सुरक्षाबलों और हमलावरों के बीच गोलीबारी में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने सभी हमलावरों को मार गिराया है।

## राजस्थान में दो डिप्टी सीएम

### एक राजघराने से तो दूसरा दलित परिवार से

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के उप मुख्यमंत्री बनाए गए दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा की पृष्ठभूमि एकदम अलग है लेकिन दोनों की भूमिका अहम है। एक तरफ जहां दीया कुमारी जयपुर के राजघराने से हैं। वहीं, प्रेमचंद बैरवा दलित समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।



### जयपुर राजघराने से है दीया का ताल्लुक


दीया कुमारी (52) का जयपुर के राजघराने से ताल्लुक है। वह जयपुर की विद्याधर नगर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह इससे पहले लोकसभा की राजसमंद सीट से सांसद थीं। वह महारानी गायत्री देवी की पोती हैं। उन्होंने अपनी दादी गायत्री देवी के नक्शेकदम पर चलते हुए ही राजनीति में कदम रखा था। वह मुगल सम्राट अकबर के नवरत्नों में से एक मान सिंह के राजघराने से हैं, इसे पहले आमेर और बाद में जयपुर के नाम से जाना गया। इसी परिवार में जन्मे पूर्व महाराज सवाई भवानी सिंह की पत्नी का नाम पद्मिनी देवी है। कहा जाता है कि जयपुर राजघराना खुद को भगवान राम का वंशज बताता है। जयपुर के पूर्व महाराजा भवानी सिंह भगवान राम के बेटे कुश के 309वें वंशज बताए जाते हैं। दीया कुमारी भवानी सिंह व पद्मिनी देवी की ही इकलौती संतान हैं। दीया कुमारी की शुरूआती पढ़ाई दिल्ली और बाद में जयपुर से हुई। बाद में वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई थीं। उन्होंने 1997 में नरेंद्र सिंह से गुपचुप तरीके से कोर्ट में शादी कर ली थी।

### बैरवा ने कांग्रेस के धाकड़ नेता को हराया



मौजमाबाद तहसील के श्रीनिवासीपुरा के रहने वाले प्रेमचंद बैरवा दलित परिवार से आते हैं। दलित परिवार में जन्मे प्रेमचंद बैरवा जयपुर के दूदू सीट से बीजेपी के विधायक हैं। उन्होंने इस बार कांग्रेस के धाकड़ नेता बाबूलाल नागर के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी। बैरवा ने नागर को 35743 वोटों के अंतर से हराया था। उन्होंने 1995 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के साथ राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। उन्होंने 1995 से दूदू ब्लॉक संगठन में काम किया, बैरवा एमफिल और पीएचडी की शिक्षा हासिल कर चुके हैं। एससी मोर्चा में भाजपा के सह प्रभारी और बैरवा महासभा के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। वह मौजूदा समय में पेट्रोल पंप डीलर भी है। चुनाव आयोग में दाखिल हलफनामे के मुताबिक, प्रेमचंद बैरवा के पास 4.83 करोड़ की संपत्ति है। इसमें से 4.45 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। उनके ऊपर 98 लाख से ज्यादा की देनदारी है।

## आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयक लोकसभा में पेश





**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयकों, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक-2023, को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। इससे पहले अमित शाह ने मानसून सत्र के दौरान 11 अगस्त, 2023 को लोकसभा में पेश किए गए तीन विधेयकों, भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को सदन से वापस ले लिया था। आपको बता दें कि 11 अगस्त को पेश किए गए इन तीनों बिलों को उस समय अमित शाह के अनुरोध पर ही स्टैंडिंग कमेटी को भेज दिया गया था। स्टैंडिंग कमेटी की कई सिफारिशें आने के बाद सरकार ने यह तय किया कि इन तीनों पुराने बिलों को वापस लेकर नए बिलों को सदन में पेश किया जाए। इसी आधार पर अमित शाह ने मंगलवार को मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किए गए तीनों विधेयकों को सदन की सहमति से वापस ले लिया और फिर स्टैंडिंग कमेटी की सिफारिशों के आधार पर तैयार किए गए तीन नए बिलों को सदन में पेश कर दिया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के इन तीनों बिलों को जॉइंट सेलेक्ट कमेटी को भेजने की मांग को खारिज करते हुए अमित शाह ने कहा कि स्टैंडिंग कमेटी ने इस पर विस्तार से विचार कर अपनी सिफारिशें दी हैं और उनमें से कई सिफारिशों को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। शाह ने विपक्षी सांसदों की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि इन संशोधनों को पढ़ने के लिए सांसदों के पास 48 घंटे का पर्याप्त समय है क्योंकि उन्होंने इन बिलों को आज सिर्फ पेश किया है और इन पर सदन में 14 दिसंबर को चर्चा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की तरफ से 15 दिसंबर को चर्चा का जवाब दिया जाएगा क्योंकि ये महत्वपूर्ण विधेयक हैं और वे भी इसे हड़बड़ी में नहीं लाना चाहते हैं।

### केंद्र से राज्यों को मिल रहा है पूरा पैसा : वित्त मंत्री



केंद्रीय वित्त मंत्री ने मंगलवार को लोस में कहा कि मोदी सरकार देश के हर नागरिक के लिए कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र से जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती हैं, उनके लिए समय पर पैसा जारी किया जा रहा है। सीतारमण ने लोस में चालू वित्त वर्ष और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अनुदान और अतिरिक्त अनुदान की मांगों की सूची पर चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए अनुपूरक मांगों की पहली सूची तथा वित्त वर्ष 2020-21 से संबंधित अतिरिक्त अनुदान की मांगों की सूची को पारित कर दिया। सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सूची में कुल एक लाख 29 करोड़ रुपये की 79 अनुदान की अनुपूरक मांगे और तत्संबंधी चार विनियोग प्रस्तुत किए थे। इनमें से 58 हजार 378 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति व वेतन से जुड़ा विधेयक राज्यसभा में हुआ पेश

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव से जुड़ा विधेयक मंगलवार को राज्यसभा में पेश किया गया। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 पेश किया। विधेयक के प्रावधानों के तहत सीईसी और ईसी की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।

### 285 लाख टन पहुंचा देश में उर्वरक उत्पादन : मांडविया

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में उर्वरक उत्पादन में वृद्धि हुई है और किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को राज्यसभा में पूछे गये एक सवाल के जवाब में बताया कि अभी नैनो यूरिया के नौ संयंत्र देशभर में काम कर रहे हैं। सरकार वर्ष 2025 तक 13 और संयंत्र शुरू करेगी। इन संयंत्रों के माध्यम से नैनो यूरिया के उत्पादन को और अधिक बढ़ाया जाएगा।

### कांग्रेस का नाम करप्शन पार्टी होना चाहिए

भाजपा कांग्रेस सांसद के कथित कैश कांड पर लगातार हमलावर है। यहां मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस पार्टी (कांग्रेस) का नाम करप्शन पार्टी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन आईएनडीआईए के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनमें कुछ जेल में तो कुछ बेल पर हैं। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि मोदी की गारंटी लोगों की सेवा की गारंटी है। भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करने की गारंटी है। कांग्रेस भ्रष्टाचारियों के साथ है। किरेन रिजिजू ने धीरज साहू से राहुल गांधी की नजदीकियों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस को कैश कांड पर जवाब देना चाहिए।

## निराशा व हताशा की जगह विकास और लोकतंत्र ने ली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में पिछले चार साल जमीनी स्तर के लोकतंत्र में नए सिरे से विश्वास के प्रतीक रहे हैं और मोहभंग, निराशा एवं हताशा की जगह विकास, लोकतंत्र एवं गरिमा ने ली है।

उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने के बाद मंगलवार को कई अखबारों में छपे आलेख में मोदी ने उल्लेख किया कि इस मुद्दे से कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) के एक सदस्य के रूप में जुड़े रहते हुए उन्होंने इसमें शामिल बारीकियों और जटिलताओं के बारे में कैसे सूक्ष्म समझ विकसित की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हैं कि जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं और अपनी क्षमता एवं कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। मोदी कहा कि वे अपने बच्चों के लिए हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने नागरिकों की चिंताओं को समझने, सहायक कार्यों के माध्यम से विश्वास पैदा करने तथा विकास और अधिक विकास को प्राथमिकता देने के तीन स्तंभों को प्राथमिकता दी है। मोदी ने कहा कि अपने फैसले से उच्चतम न्यायालय ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया है और हमें याद दिलाया है कि जो चीज हमें परिभाषित करती है वह एकता के बंधन और सुशासन के लिए साझा प्रतिबद्धता है। मोदी ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पैदा होने वाला हर बच्चा जीवंत आकांक्षाओं से भरे भविष्य के अपने सपनों को साकार कर सकता है। आखिरकार, विकास, लोकतंत्र और गरिमा ने मोहभंग, निराशा और हताशा का स्थान ले लिया है।

### पीएम-ममता के बीच बैठक 20 को संभव



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सचिवालय सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के लंबित केंद्रीय बकाया के मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम ममता बनर्जी के बीच महत्वपूर्ण बैठक 20 दिसंबर को होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने पहले पीएमओ को एक विज्ञप्ति भेजकर विवादास्पद मामले पर चर्चा के लिए 18 दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच का समय मांगा था। राज्य सरकार के सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के बारे में पीएमओ से सकारात्मक संकेत मिले हैं और बैठक की संभावित तारीख और समय 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे संसद परिसर में है।

## एक नजर

### संजय सिंह की जमानत पर फैसला 21 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर 21 दिसंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। संजय सिंह की न्यायिक हिरासत भी 21 दिसंबर को पूरी हो रही है।

### अनंतनाग में हथियार के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार

**अनंतनाग।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियारों और अन्य युद्धक सामग्री भी बरामद की गई है। यह जानकारी मंगलवार को सेना ने दी है। चिनार कॉर्प्स के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर 11 दिसंबर को जबिलपुरा, बिजबिहाडा अनंतनाग में सेना और जेएमयू और केएमआर पुलिस ने एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया था।

### पोलैंड के नए प्रधानमंत्री होंगे डोनाल्ड टस्क

**वारसॉ।** पोलैंड की संसद ने सोमवार को मध्यमार्गी पार्टी के नेता डोनाल्ड टस्क को प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। इसी के साथ आठ साल पुराने राष्ट्रीय रूढ़िवादी शासन के बाद यूरोपीय संघ समर्थक नई सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया। पोलैंड के ऑनलाइन समाचार पोर्टल द वारसॉ आवाज के अनुसार टस्क को राष्ट्रीय चुनाव के लगभग दो महीने बाद प्रधानमंत्री चुना गया। यह वामपंथी से लेकर उदारवादी रूढ़िवादी पार्टियों तक जीत है।

### नेहरू पर दिए गए बयान से भड़के राहुल गांधी

## अमित शाह को इतिहास की जानकारी नहीं: राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर हमले के लिए गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा नेता शायद इतिहास नहीं जानते हैं, वे बस इसे फिर से लिखते रहते हैं। गांधी ने कहा कि पूरा मामला जाति जनगणना के मुद्दे से ध्यान भटकाने और देश का पैसा किसके हाथों में जा रहा है, इस बारे में है। गौरतलब है कि सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए, शाह ने असामयिक युद्धविराम का आदेश देने और मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने की गलतियों की ओर इशारा करते हुए, कश्मीर समस्या के लिए नेहरू को दोषी ठहराया था। राहुल ने कहा, पंडित नेहरू ने इस देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वह वर्षों तक जेल में थे, अमित शाह शायद इतिहास नहीं जानते। उन्होंने कहा कि मूल मुद्दा जाति जनगणना और भागीदारी का है, देश का पैसा किसके हाथ में जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ओबीसी हैं लेकिन सरकार 90 अधिकारियों द्वारा चलाई जाती है। 90 अधिकारियों में से तीन ओबीसी हैं और उनका कार्यालय कोने में है। मेरा कहना यह है कि संस्थागत प्रणाली में ओबीसी की भागीदारी क्या है, दलितों, आदिवासियों की भागीदारी क्या है, यह देश के सामने मुख्य प्रश्न है।

### म्यामांर दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बना : संयुक्त राष्ट्र




**बैंकॉक।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक गृह युद्ध से प्रभावित म्यामांर अफगानिस्तान को पीछे छोड़कर दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बन गया। मादक पदार्थ और अपराध संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने अपने दक्षिण-पूर्व एशिया अफीम सर्वेक्षण 2023 में कहा कि म्यामां का अफीम उत्पादन अफगानिस्तान से भी अधिक है। तालिबान के शासन में आने के बाद अफगानिस्तान में अफीम के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यूएनओडीसी ने पिछले महीने कहा था कि तालिबान के प्रतिबंध के कारण अफीम पोस्ता की खेती में 95 प्रतिशत की गिरावट आई है। यूएनओडीसी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 से 2023 के बीच म्यामांर में अफीम की खेती का क्षेत्रफल 18 प्रतिशत बढ़कर 47,100 हेक्टेयर (1,16,400 एकड़) हो गया।

## विदेश में सेटल होना चाहता था गोगामेड़ी का कातिल

**एजेंसी। जयपुर**

पांच दिसंबर को करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के साथ ही शूटरों और पुलिस के बीच भाग-दौड़ का खेल शुरू हो चुका था। हत्या के कारण भी अनेक थे। एक शूटर को जेल जाने का बदला लेना था, तो दूसरे को जेल जाने से बचने के लिए विदेश जाना था और तीसरा अपना मुंह बंद रखने के लिए ज्यादा पैसे चाहता था। जबकि इन तीनों का सरगना और मास्टरमाइंड सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मौत चाहता था, और इसी ताने-बाने बीच रची गई सुखदेव सिंह की मौत की पूरी साजिश। वारदात को अंजाम देने के बाद शूटर जयपुर से निकले और अलग-अलग शहरों से होते हुए लगातार भागते रहे और अंत में चंडीगढ़ में पकड़े गए।

### शूटर्स के पास नहीं था पुख्ता 'एग्जिट प्लान'

गोगामेड़ी के कत्ल की साजिश जितनी गहरी थी, वहीं शूटरों के भागने और छुपने की कहानी उतनी ही कच्ची है। इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों शूटरों के पास निकल भागने का कोई पुख्ता 'एग्जिट प्लान' नहीं था। दोनों पुलिस से बचने और दूर निकल भागने के लिए पूरी तरह से अपने उन आकाओं पर ही निर्भर थे, जिन्होंने उन्हें कत्ल की सुपारी दी थी और उन्हें फर्जी दस्तावेजों से विदेश भिजवाने की बात कही थी। लेकिन इससे पहले कि ऐसा हो पाता, दोनों धर लिए गए।

## चंद्रयान-3 चंद्र मिशन इसरो की 2040 तक की योजना पर तेजी से चल रहा काम

# चंद्रमा पर पहला भारतीय यात्री भेजना है लक्ष्य

### भारतीय वायु सेना के चार परीक्षण पायलट को मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा है कि चंद्रयान-3 चंद्र मिशन की शानदार सफलता के बाद, इसरो 2040 तक चंद्रमा पर पहली बार भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की अपनी योजना पर जोर-शोर से काम कर रहा है।

सोमनाथ ने कहा कि इसरो का लक्ष्य गगनयान कार्यक्रम के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण में अगला कदम उठाना है, जिसमें दो से तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के एक दल को तीन दिनों तक पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में पहुंचाने की योजना है, जिसके बाद उन्हें पूर्वनिर्धारित साइट पर भारतीय जल क्षेत्र में सुरक्षित रूप से वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना के चार परीक्षण पायलटों को मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री के रूप में नामित चुना गया है। वर्तमान में, ये लोग बेंगलुरु में अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सुविधा (एटीएफ) में मिशन-विशिष्ट प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक अंतरिक्ष पर भारत की उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन को चालू करने और वीनस ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर की विशेषता वाले अंतरग्रहीय अन्वेषण जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

### फिल्म जगत

## ऋतिक-दीपिका के इंटीमेट सीन से मची खलबली



मच अवेटेड फिल्म फाइटर का टीजर जारी हो गया है। फिल्म के टीजर में दमदार एक्शन के साथ-साथ न्यू ऑन-स्क्रीन कपल ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की सिजलिंग केमिस्ट्री भी देखी गई। उनके इंटीमेट सीन ने फैंस को हैरान कर दिया। सोशल मीडिया पर दोनों की केमिस्ट्री की जोरों पर चर्चा हो रही है। दीपिका पादुकोण, ऋतिक रोशन और अनिल कपूर के धमाकेदार फर्स्ट लुक रिवील होने के बाद मेकर्स ने फिल्म का शानदार टीजर जारी किया है। पहली बार दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन ने साथ में स्क्रीन शेयर किया है। एक जगह दोनों को लिप-लॉक करते हुए देखा जा सकता है, तो दूसरी ओर दोनों समंदर के किनारे इश्क में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, कुछ लोग दोनों को इंटीमेट सीन को लेकर ट्रोल भी कर रहे हैं।

## एक नजर

### गोवा में सरस मेला 2023 का समापन



रांची। गोवा में चल रहे सरस मेला-2023 का समापन हो गया। 30 नवंबर से 11 दिसंबर तक चले इस सरस मेले में झारखंड के हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गयी थी। जेएसएलपीएस एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित प्रोडक्ट का स्टॉल सह बिक्री केन्द्र लगाया गया था। इन स्टॉल्स का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा जो गोवा वासियों को काफी पसंद आया। मेला के समापन समारोह के मौके पर राज्य समन्वयक के रूप में शामिल झारखंड सरकार के अवर सचिव अमरेश कुमार एवं मो शहजाद अहमद को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत द्वारा सम्मानित किया गया।

### पीप साइड रैंक में अर्चना और ओपन साइड में खुशी राज रही प्रथम

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में डीएवी-2023 राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के इस प्रतियोगिता में झारखंड के डीएवी विद्यालयों के 440 बालक-बालिकाओं ने योग, चेस, शूटिंग,नेटबॉल एवं एरोबिक्स जैसी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर डीएवी-2023 राष्ट्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता में जगह बनाई। विद्यालय के प्राचार्य सह इस कार्यक्रम के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एस के मिश्रा ने समापन समारोह के मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एम के सिन्हा का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्रीय पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व में डीएवी-2023 खेल-कूद क्लस्टर-वी एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का संचालन हुआ है।

### श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगला आरती के बाद खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान किया गया। मंदिर के आचार्य ने गंगाजल, शहद, पंचामृत, दूध, शुद्ध जल और घी से बाबा श्याम को स्नान करवा कर नवीन वस्त्र बागा पहनाया। गुलाब के रूह से बाबा श्याम की मालिश की गई। मालाओं से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया। श्रृंगार आरती के बाद पंचमेवा भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरित किया गया।

# रांची विवि में बन रहा है झारखंड का पहला सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट

## उच्च तकनीक से बन रहा अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोर्ट से खिलाड़ियों का प्रदर्शन होगा बेहतर



**रवि चंद कपूर**

रांची। रांची विश्वविद्यालय में पढ़ने और खेल में रूचि रखने वाले छात्र छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। खेल प्रति लगाव और इसे बढ़ावा देने वाले रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा के विश्वविद्यालय परिसर में सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट बनाने की स्वीकृति के बाद कोर्ट निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा कुलपति खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधा देना चाहते है। ताकि यहां के खिलाड़ी छात्र राज्य और देश स्तर में होने वाले खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय और राज्य का नाम रौशन कर सके। रांची विश्वविद्यालय में बन रहे सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट के तैयार हो जाने के बाद वॉलीबॉल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की अभ्यास सुविधा मिलेगी। जिससे उनका खेल बेहतर होगा और देश के अन्य राज्यों में होने वाले प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकेगें। यह कोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है। जो झारखंड का पहला सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट होगा।

### खिलाड़ियों को क्या होगा लाभ

यहॉ के खिलाड़ी मिट्टी वाली कोर्ट में अभ्यास और खेलते है। जिस कारण राज्य के बाहर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं हो पाता है। वर्तमान समय में देश के ज्यादातर राज्यों में इनडोर सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट है। जहां खेलने के दौरान एयरप्रेशर अधिक होता है और ऐसे सरफेस में नहीं खेलने के कारण खिलाड़ियों को थोड़ी परेशानी होती है। जिससे बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं हो पाता है। इस कोर्ट के बन जाने और इस पर लगातार अभ्यास करने से रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकेगें।

### खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रहे है कुलपति : डॉ गुप्ता



रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्टस कोओडिनेटर डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट झारखंड का पहला कोर्ट होगा। यह रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस कोर्ट के निर्माण में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी मापदंडों का पालन किया जा रहा है। इसके लिए बिहार और हरियाणा के विशेषज्ञों से काम ली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस कोर्ट के निर्माण के लिए लंबे समय से तैयारी की गयी है। देश भर के कोर्ट निर्माण विशेषज्ञों से बात करने के बाद बिहार और हरियाणा के दो कंपनियों को कोर्ट निर्माण के कार्य में लगाया गया है। इस कोर्ट के बन जाने से विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को लाभ होगा और उनका प्रदर्शन बेहतर होगा।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के योग्य बनेगें खिलाड़ी

अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब खिलाड़ी साल के 365 दिन अभ्यास कर सकेंगे। मिट्टी के कोर्ट में परेशानी यह थी कि यदि एक दिन बारिश हो जाय तो फिर कोर्ट सुखने तक दो-तीन दिनों तक अभ्यास नहीं कर सकते है। इस कोर्ट के बनने से खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सुविधा होगी। सिंथेटिक्स कोर्ट ऐसी होती है कि खिलाड़ी बारिश के 15-20 मिनट के बाद फिर से खेल सकते है।

### विवि परिसर में एक इंडोर खेल कोर्ट बनाने की है योजना



रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्टस कोओडिनेटर डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रहे है। वह चाहते है कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्रों का सभी आवश्यक सुविधा मुहैया करायी जाय। जिससे खिलाड़ी अच्छी तरह से अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा को निखारे। डॉ गुप्ता ने बताया कि स्पोर्टस विभाग की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में जहॉ वर्तमान में वॉलीबॉल कोर्ट है वहॉ एक भव्य इंडोर हॉल बनाने की योजना है। जिसके अंदर वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिटन और लॉन टेनिस का कोर्ट बनाया जायेगा। इसे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जायेगा, ताकि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्र इन कोर्ट में अभ्यास कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन कर सके।

### करीब डेढ़ महीने में तैयार हो जायेगा कोर्ट

सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण के लिए कंपनी के विशेषज्ञ लगातार कार्य कर रहे है। प्रथम चरण में मिट्टी खुदाई कर उसमें केमिकल डाल कर उसे ठीक करने का काम किया जा रहा है। इसके बाद कई चरणों कोर्ट बनाने का काम किया जायेगा। कोर्ट के निर्माण में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी मापदंडों का पालन किया जा रहा है।

# हरित अर्थव्यवस्था के तहत पर्यावरण को संरक्षित रख सकते है : डॉ शांडिल्य

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और बोटानिकल सर्वे ऑफ इंडिया कोलकाता के संयुक्त सौजन्य से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। विवि के सभागार में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का विषय था प्लांट कलेक्शन, आइडिफिकेशन, नोमेनकल्चर एंड बोटानिकल इलुस्ट्रेशन। आयोजन विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग ने किया। उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति टीएन साहू, बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक डॉ ए ए माओ और विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने किया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने पृथ्वी पर उपलब्ध पौधों के वर्गीकरण और जैव विविधता की विस्तार से चर्चा की। बताया कि यह एक ऐसा तरीका है, जिसके अंतर्गत हम जरूरी विकास के साथ अपने पर्यावरण को ही संरक्षित रख सकते है। मुख्य अतिथि बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक डॉ ए. ए माओ ने बॉटनी विषय के बहुआयामी परिदृश्य की चर्चा करते हुए इनसे जुड़े करियर विकल्पों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा ।
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-51/2022-23 PR No. 293818 Lohardaga (22-23)_D** द्वारा प्रकाशित में ग्रुप 3 एवं 4 के योजना को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 313229 Lohardaga(23-24)D ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।



## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा

*Phone- 06541-223994*
*E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

आसन्न लोक सभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले अल्पाहार व भोजन/विडियोग्राफी/फोटोग्राफी से संबंधित कार्यालय पत्रांक–638/ जि0निर्वा0, दिनांक– 29.11.2023 के द्वारा प्रकाशित निविदा विज्ञाप्ति **PR-312317 Election (23-24)_D** अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
PR 313236 Election 923-24)_D –सह–उपायुक्त, चतरा


# जेवीएम श्यामली की छात्रा जागृति राज बनी क्लैट में झारखंड-बिहार की टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जवाहर विद्या मंदिर श्यामली की छात्रा जागृति राज ने क्लैट (कामन लॉ एडमिशन टेस्ट) की परीक्षा में ऑल इंडिया 17 रैंक लाकर झारखंड और बिहार में अव्वल रही है। वहीं सहाना एंगकोकपम ने नार्थ-ईस्ट कैडर में 142 वॉ रैंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इसके साथ 14 अन्य छात्र-छात्राओं ने भी सफलता अर्जित किया। सफल छात्रों में सैनी सिंकु ऑल इंडिया रैंक- 62, अर्णव राज, ऑल इंडिया रैंक-1044, सत्यजीत शरण ऑल इंडिया रैंक-1147, तनिष्का श्रीवास्तव ऑल इंडिया रैंक-2052, स्मृति रॉय ऑल इंडिया रैंक-2623, ऋषभ सतपति ऑल इंडिया रैंक-3200, आशी बल्लभ ऑल इंडिया रैंक 4094 रैंक, राघव झा ऑल इंडिया रैंक 4100 रैंक, क्रिस साहा ऑल इंडिया रैंक 4117, हर्ष तिवारी ऑल इंडिया रैंक 5500, इंजोरा ऑल इंडिया रैंक 6690, आस्था दीप ऑल इंडिया रैंक 9449 रैंक और आर्यन शंकर ऑल इंडिया रैंक 22000 रैंक हासिल किया। इस परिणाम से पूरे विद्यालय के खुशी की लहर है। प्राचार्य समरजीत जाना ने सफल छात्रों को बधाई देते विधि क्षेत्र में उत्तम कार्य करने के लिए मौलिक उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत बताती है कि परिणाम कैसा है और परिणाम बताता है कि आपने कितनी मेहनत की। सकारात्मक सोच, उत्साह और प्रयास से सफलता के परिणाम सुखद होते हैं।

### प्रदेश वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रांची। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंप कर रामगढ़ के पतरातू थाना अंतर्गत भदानीनगर ओपी में दर्ज केस केस न. 205/23, की विस्तृत जानकारी दी। ज्ञापन में पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग की है। जिला प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी तपन कुमार साहा ने वैश्य मोर्चा के ज्ञापन को लिया। वैश्य मोर्चा ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि राजेन्द्र प्रसाद साहु वैश्य मोर्चा के कोषाध्यक्ष हैं और विष्णु इंटरप्राइजेज नामक कंपनी के मालिक भी हैं।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA

**e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/1289 Date :- 11.12.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality Work of Sisai - Bhandra Road in KM 0.00 to 26.420 under Road Division, Gumla for The year 2023-24 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 15,76,02,061.00(Rs. Fifteen Corer Seventy Six lacs Two Thousand Sixty One) Only. |
| 3. | Time of Completion | 06 Months |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 16/01/2024 Up to 12:00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 19/12/2023 From 10:30 A.M. |
| 6. | Opening Date of Tender | 17/01/2024 12.30 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla. |
| 8. | Contact no. of e-Procurement officer | 06524-222097 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

1. Tender amount can be increased or decreased.
2. Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in
3. Cost of bidding document & bid security shall be payable online in adherence to memo No -120 Dt- 03.10.2023 of IT & e-governance Department, Govt. of Jharkhand.

Sd/-
Executive Engineer,
PR 313234 Road(23-24)#D RCD, Road Division, Gumla



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
(लापता दीपक प्रसाद गुप्ता, उम्र–13 वर्ष)



गढ़वा थाना कांड सं0–584/2023, दिनांक–08.12.2023, धारा–363, भा0द0वि0 में लापता दीपक प्रसाद गुप्ता उम्र–13 वर्ष, पिता–सुरेश प्रसाद गुप्ता, ग्राम+पो0+थाना–चिनियॉं, जिला–गढ़वा, वर्तमान पता– ग्राम –सोनपुरवा, थाना +जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, के रहने वाले है। उक्त लापता लड़का के पिता के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मेरा पुत्र दीपक प्रसाद गुप्ता दिनांक–03.12.2023 को अपने माँ से बोलकर ब्रस करने घर से बाहर गया था।

परन्तु इनके पुत्र को अज्ञात लोगों द्वारा बहला–फुसलाकर कहीं ले जाया गया है जो तब से लापता है। उक्त लापता लड़का का खोजबीन किया जा रहा है परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का दीपक प्रसाद गुप्ता के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

**हुलिया:**–रंग–गोरा, लम्बाई–4.6 फिट लगभग,आंख–काला, पहनावा–नारंगी रंग का टी सर्ट एवं काला जिसं तथा आसमानी रंग का चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा
PR313260 (Police)23-24*D


## पृष्ठ एक के शेष

**सांसद के घर जीओ...**

सूचना मिली थी कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर आयकर (आईटी) विभाग की छापेमारी मंगलवार को समाप्त हो गई है, लेकिन शाम को उनके रांची आवास में फिर से जांच शुरू हो गई। धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर छह दिसंबर से आईटी की छापेमारी चल रही है। इससे पहले सोमवार तक आयकर विभाग की टीम ओडिशा के बलांगीर स्थित सूदपाड़ा में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के परिसर में छापेमारी कर रही थी। यहां जब्त किए गए पैसे को आयकर विभाग के बलांगीर एसबीआई शाखा में जमा कराया गया है। आईटी की टीम ने छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर 30 आलमारियों में भरे नकदी बरामद किये थे। इस दिन नोटों की गिनती जारी थी। बताया गया है कि अब तक की गिनती में आंकड़ा 500 करोड़ रुपये को पार कर गया है। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम आभूषण भी मिले हैं। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि आयकर विभाग की ओर से नहीं की गयी है।

**भविष्य के राजनीति की संदेश...**

बागी हुए व्यक्ति को भी वह गले लगाने को तैयार है। वहीं अगड़ों के लिए भाजपा में शीर्ष पद पर पहुंचने का अवसर समाप्त नहीं हुआ है। जबकि मध्यप्रदेश में सबकुछ मामा में पक्ष (जैसे पिछड़ा वर्ग का होना, मजबूत और डेलिवरी करने वाले नेता की छवि) में होने के बावजूद भाजपा ने बताया कि वह जहां जातीय या वर्ग का संघर्ष का मामला नहीं है वहां वह नए प्रयोग करने में नहीं चुकेगी।

**भजनलाल होंगे राजस्थान के...**

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कौन हैं भजनलाल शर्माराजस्थान के होने वाले नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा (56) भरतपुर के रहने वाले हैं, जबकि पार्टी ने उन्हें जयपुर की सांगानेर विधानसभा से टिकट दिया था। भजनलाल शर्मा के पिता का नाम कृष्ण स्वरूप शर्मा हैं। भाजपा ने उन्हें टिकट देने के लिए वर्तमान विधायक अशोक लौहाटी का टिकट काटा था। भजनलाल शर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48 हजार से अधिक मतों से हराया था। भजनलाल शर्मा संघ के काफी करीबी माने जाते हैं। साथ ही पार्टी में भी उनकी अच्छी पकड़ हैं। भजनलाल शर्मा सामान्य वर्ग से आते हैं। भजनलाल शर्मा राजस्थान में पार्टी के महामंत्री के तौर पर काम कर रहे थे। भजनलाल शर्मा ने मास्टर्स डिग्री तक की पढ़ाई की है। उन्होंने शुरूआती पढ़ाई के बाद राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर से राजनीतिक विज्ञान में मास्टर्स की डिग्री हासिल की। पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा करोड़पति हैं। उनके पास 1.46 करोड़ रुपये की संपत्ति है। साथ ही उनके नाम पर 35 लाख रुपये की देनदारी है।

**पलामू में भी भाजपा...**

मप्र में डेढ़ दशक से अधिक समय से सीएम रहे कद्दावर नेता शिवराज की जगह पिछड़े वर्ग में सर्वाधिक भागीदारी वाले यादव समाज के मोहन यादव को सीएम बनाकर अपना मास्टर स्ट्रोक चल दिया है। इससे विपक्षी गठबंधन में निश्चित ही खलबली मची है।

**जानलेवा या जरूरी हैं...**

का उल्लंघन करने पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद करने से लेकर जुमार्ना भी वसूला जा सकता है। नियमों का उल्लंघन करने एवं बिना पंजीकरण अस्पताल के संचालन पर पहले अपराध के लिए 50 हजार, दूसरे अपराध के लिए दो लाख और इसके बाद पांच लाख रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकेगा। गैर पंजीकृत संस्थानों पर 25 हजार रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकेगा। जुमार्ना नहीं देने पर भू-राजस्व बकाया के रूप में यह धनराशि वसूली जाएगी। सच यह है कि डॉक्टर जिन्हें धरती का भगवान कहा जाता है उनके स्थान पर ये नकली भगवान धड़ल्ले से इलाज और ऑपरेशन कर रहे हैं और भोले-भले लोग इन्हें भी असली डॉक्टर ही समझते हैं क्योंकि इनकी डिग्री की या योग्यता की कभी कोई जांच नहीं होती। डॉ प्रदीप की मांग है कि लाइसेन्स की तरह हर डॉक्टर के क्लीनिक या अस्पताल के बाहर सर्टिफिकेट का प्रदर्शन अनिवार्य किया जाए और नियमित जांच प्रशासन कराए।

**पलामू में माइंस से ढुलाई...**

प्रशासनिक टीम को बल प्रयोग करना पड़ा। घटना के बाद उक्त स्थल पर खनन का कार्य बंद कर दिया गया है। बताया जाता है कि नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के झरहा इलाके में पत्थर खदान कंपनी व ग्रामीणों के बीच विवाद चल रहा है। विवाद के कारण पत्थर खदानों से उत्पादन बंद हो गया है। बंद खदानों को चालू कराने के लिये दंडाधिकारी तैनात किये गये हैं। सोमवार को झरहा क्षेत्र की खदानों से उत्पादन शुरू कराने के लिए मजिस्ट्रेट बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ गये। इसे देखकर सैकड़ों महिलाओं ने माइंस जाने वाले हाईवा को रोक दिया। ग्रामीणों ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ही पथराव शुरू कर दिया। प्रतिउत्तर में प्रशासनिक टीम ने भी हल्का बल प्रयोग किया। ग्रामीणों की भीड़ व हंगामा को देखते हुए प्रशासनिक टीम माइंस से वाहनों के साथ वापस लौट गयी। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि फिलहाल उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुये खनन का काम रोक दिया गया है। मामले में कुछ ग्रामीण जहां सड़क क्षतिग्रस्त होने व बढ़ते प्रदूषण को प्रमुख कारण बता रहे हैं तो दूसरी तरफ कुछ ग्रामीण और माइंस संचालक इसे कुछ राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की प्रतिद्वंदिता का परिणाम बता रहे हैं। माइंस संचालक अनूप कुमार का कहना है कि पिछले छह वर्ष से उक्त रोड से माइंस का काम हो रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के लिये क्षेत्रीय विधायक ने लोक निर्माण विभाग से संस्तुति भी की है। माइंस संचालन के लिये सभी गाइड लाइन का अनुपालन किया जा रहा है। ग्रामीणों से सकारात्मक वार्ता भी की गयी थी। किंतु मामले के राजनीतिकरण से बात बिगड़ जा रही है।

**दूसरे दिन भी ठप रहा हाईवा का संचालन :** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के तरीडीह पंचायत के झरहा गांव में दूसरे दिन भी माइंस के हाईवा का परिचालन नहीं हो पाया । परिचालन नहीं होने देने की मांग पर अड़े कुछ लोगों ने स्थानीय नेताओं की अगुवाई में झरहा मंदिर परिसर में बैठक की। ग्रामीण सड़क टूटने से नाराज हैं और सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रशासन भी अग्रेतर कार्रवाई के लिये उच्चाधिकारियों के निर्देश की प्रतिक्षा में हैं।


## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VII
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (जिला भू-अर्जन शाखा)

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)
ब्रहमोरिया मोड (**N.H-75** पर) रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण।
अधिघोषणा संख्या :–829B/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–11.12.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड (N.H-75) पर रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण कार्य हेतु, ग्राम–सेमरी खूर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में कुल 0.1100 एकड़ यानि 0.0445 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.1100 एकड़ यानी 0.0445 हेक्टेयर है और जो ग्राम– सेमरी खूर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

ग्राम–सेमरी खूर्द, थाना सं0–75, कुल रकबा–0.1100 एकड

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 12 | 174 | रैयती | टांड़ 1 | 0.046 | देवंती कुवंर पति स्व0 नन्दकिशोर राम | रास्ता | 286 | रास्ता | निज |
| 2 | 12 | 174 | रैयती | मकान | 0.014 | नवल कुम्हार पिता बौध कुम्हार वो शिव प्रजापति पिता चुटुर प्रजापति | रास्ता | 286 | रास्ता | निज |
| 3 | 44 | 314 | रैयती | धान 2 | 0.006 | कृष्णा मुरारी ओझा पिता आशिष ओझा, मंदोदर कुवंर पति वृज किशोर ओझा, असर्फी ओझा, बिरेन्द्र ओझा पिता अनिरूद्ध ओझा | 498 | रास्ता | 500 | रास्ता |
| 4 | 06 | 50 | रैयती | टांड़ 3 | 0.026 | अशोक सिंह वगै0 पिता बच्चु सिंह वो उतयोग सिंह पिता स्व0 शीतल सिंह | – | – | – | – |
| 5 | 10 | 180 | रैयती | धान 2 मकान | 0.0120 | परिखन प्रजापति पिता जोधन प्रजापति | रास्ता | 296 | रास्ता | 294 |
| 6 | 59 | 330 | बकास्त | धान 2 | 0.006 | सुरेश ओझा पिता स्व0 देवन ओझा | – | – | – | – |
| कुल :– | | | | | 0.1100 ए0 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.............. क्षेत्रफल ..............×..... ........ एकड़..............×.............. यानि..............×.............. हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR.NO.313239 Palamu(23-24):D

## एक नजर

### रांची में होने वाली हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी जोरों पर

**रांची।** राजधानी रांची में आयोजित एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 की तैयारी जोरों पर है. इस प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ 8 देशों की टीम हिस्सा लेगी. इनमें भारत, इटली, चीली,जापान,चेक रिपब्लिक, जर्मनी, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की टीम शामिल हैं. 13 से 19 जनवरी 2024 तक ओलंपिक क्वालीफायर के लिए यहां मैच होंगे. इस प्रतियोगिता से कुल तीन देशों की टीम जुलाई 2024 में होने वाली पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी. सभी मुकाबले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में खेले जाएंगे. हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया की इस प्रतियोगिता की स्पांसर झारखंड सरकार है. झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी के बाद रांची में दूसरा अन्तरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबला होने जा रहा है. पहले आयोजन में जो कमी रही उसे ठीक किया जाएगा. इस बार भी खेलप्रमियों के लिए प्रवेश निःशुल्क दिया जाएगा.

### वार्नर को मिला ट्रेविस हेड का समर्थन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड का मानना है कि मिचेल जॉनसन का डेविड वार्नर पर निशाना साधने वाला आक्रामक कॉलम बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पाकिस्तान के खिलाफ अपनी विदाई टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए और उत्साहित करेगा, क्योंकि ऐसी चीजें वॉर्नर का मनोबल बढ़ाती है। वॉर्नर पिछले 16 टेस्टों में सिर्फ दो बार ही 50 से ज्यादा रन बना पाए थे। इसके अलावा उन्होंने 2018 बॉल टेंपरिंग का मुद्दा भी उठाया। डेविड वॉर्नर ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वो अपना आखिरी टेस्ट सीरीज खेलने जा रहे हैं। उनका कहना है कि आखिर वॉर्नर को हीरो जैसी विदाई क्यों मिल रही है। वार्नर ने 109 मैचों में 8,487 टेस्ट रन बनाए हैं और उन्हें मैट हेडन और माइकल क्लार्क को पछाड़कर सर्वकालिक ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट रन-स्कोरिंग सूची में पांचवें स्थान पर पहुंचने के लिए 157 रन की जरूरत है।

### बांगड़ के जुड़ने से पंजाब किंग्स को मिलेगी मदद : नेस वाडिया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की ट्रेडिंग के बीच पंजाब किंग्स ने संजय बांगर को अपने क्रिकेट डेवलपमेंट हेड के रूप में वापस लाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया ने अब इस बात पर जोर दिया है कि भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच सभी मालिकों की सर्वसम्मत पसंद थे। इससे पहले, कोचिंग विशेषज्ञता में समृद्ध भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ का अपने पिछले कार्यकाल के दौरान टीम के प्रमोटरों के साथ विवादास्पद संबंध था। बांगड़ का मालिकों में से एक प्रीति जिंटा के साथ विवाद हो गया था और उनकी असहमति सार्वजनिक हो गई। हालांकि, वाडिया ने कहा कि फ्रेंचाइजी के सभी प्रमोटर बांगड़ को वापस बुलाने के पक्ष में हैं। वाडिया ने कहा, हमें उन्हें फिर से अपने साथ जोड़ने का अवसर मिला।

# महिला विश्व कप की खिलाड़ी ऑनलाइन अभद्रता की शिकार

## हर पांच में से एक खिलाड़ी को धमकी भरे, पक्षपातपूर्ण और अभद्र संदेश मिले



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फुटबॉल में पुरूष विश्व कप की तुलना में आनलाइन अभद्रता के 29 प्रतिशत अधिक मामले सामने आये। यहां सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। महिला विश्व कप फुटबॉल में पुरूष विश्व कप की तुलना में आनलाइन अभद्रता के 29 प्रतिशत अधिक मामले सामने आये। यहां सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। फीफा और वैश्विक खिलाड़ियों के संघ फिफप्रो के अनुसार, महिला विश्व कप में हर पांच में से एक खिलाड़ी को धमकी भरे, पक्षपातपूर्ण और अभद्र संदेश भेजे गए। उन्होंने फीफा की सोशल मीडिया प्रोटेक्शन सर्विस (एसएमपीएस) के आंकड़े जारी किये। एसएमपीएस का काम खिलाड़ियों, टीमों और अधिकारियों का आनलाइन अभद्रता और नफरत फैलाने वाली सामग्री से बचाव करना है। एसएमपीएस ने कहा कि करीब 50 प्रतिशत अभद्र मैसेज समलैंगिकता के संबंध में घृणा और लैंगिक पक्षपात से भरे थे।

# आईपीएल में होंगे 333 खिलाड़ी हर्षल, शार्दुल ठाकुर सबसे महंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली नीलामी में 77 स्थान के लिए कुल 333 खिलाड़ी शामिल होंगे। जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव, हर्षल पटेल और शार्दुल ठाकुर भी शामिल हैं जिन्हें दो करोड रुपए के सर्वाधिक आधार मूल्य वर्ग में रखा गया है। हर्षल को दो साल पहले आईपीएल नीलामी में 10.75 करोड रुपए की मोटी धनराशि में खरीदा गया था। आईपीएल संचालन परिषद ने फ्रेंचाइजी को 1166 खिलाड़ियों की सूची सौंपी थी। फ्रेंचाइजी की सलाह के बाद इन खिलाड़ियों की संख्या 333 कर दी गई। इनमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। दो खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं। इस नीलामी में सभी 10 फ्रेंचाइजी कुल 262.95 करोड़ रुपए खर्च कर सकती हैं। जो 77 स्थान उपलब्ध है उनमें से 30 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की फिर से अधिक मांग होगी क्योंकि विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस, विश्व कप फाइनल के नायक ट्रेविस हेड, विकेटकीपर जोस इंग्लिश और स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क दो करोड रुपए के आधार मूल्य वर्ग में शामिल हैं।





## आईपीएल 2024 में खेलते नजर आ सकते हैं ऋषभ पंत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के फैंस के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, पंत आईपीएल 2024 में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं। रेवस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार आगामी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ पंत के स्वागत की तैयारी कर रहा है। उनकी रिकवरी को देखते हुए फ्रेंचाइजी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों के मुताबिक, वह पंत के कमबैक की उम्मीद कर रहे हैं। उनके जैसे लीडर का ड्रेसिंग रूप में फिर से होने की उम्मीद कर रहे हैं। सूत्रों ने पुष्टि की है कि ह पंत को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। पंत की रिकवरी को लेकर फ्रेंचाइजी अभी फूंक-फूंक कर पैर रखना चाहती है और उन्हें ज्यादातर मैचों में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने के बारे में विचार कर रहे हैं। फिलहाल, ऋषभ पंत विकेटकीपिंग करने के लिए तैयार नहीं है और ये उनकी रिकवरी पर निर्भर करेगा कि वह विकेटकीपिंग कर पाते हैं या नहीं। लेकिन इस खबर से जो एक बड़ा अपडेट निकल कर आ रहा है वह ये है कि पंत को दिल्ली कैपिटल्स बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने पर जोर देगी।

### भारत ने नेपाल को 10 विकेट से रौंदा, राज लिंबानी ने झटके 7 विकेट

**नई दिल्ली ।** अंडर19 एशिया कप के अपने दूसरे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना नेपाल से हुआ। जहां भारत ने नेपाल को 10 विकेट से मात दे दी है। बता दें कि, इस मुकाबले में भारत ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। जिसके बाद भारत के गेंदबाजों के सामने नेपाल के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। जिसके बाद मात्र 52 रन पर पूरी टीम ऑल-आउट हो गई। वहीं भारतीय टीम की तरफ से 7.1 ओवर में ही बिना किसी नुकसान के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया गया।

## जूनियर पुरुष वर्ल्ड कप हॉकी के आमंत्रण पर भोलानाथ सिंह क्वालालमपुर रवाना

**जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम निदरलैंड को 4-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंची**

**एजेंसी। रांची**

एफआईएस जूनियर पुरुष वर्ल्ड कप हॉकी 2023 का आयोजन मलेशिया के क्वालालमपुर में हुआ है। 8 दिसंबर से 16 दिसंबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आज निदरलैंड को 4-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गई। इस प्रतियोगिता में विश्व हॉकी महासंघ के आमंत्रण पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह क्वालालमपुर के लिए रांची से रवाना हुए।



हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने उन्हे शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमलोग का पूर्ण विश्वास है कि सेमीफाइनल मैच में वहा आपकी उपस्थिति से भारतीय टीम मनोबल बढ़ेगा। क्योंकि विगत कुछ वर्षों से देश के बाहर हो रहे सभी बड़े प्रतियोगिताओं ओलंपिक गेम्स, राष्ट्र मंडल खेल, एशियन गेम्स या एशिया कप में भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन करती रही है।

### फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देते हैं शाकिब

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन तीनों प्रारूपों में अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को लंबा करने के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अवसरों को छोड़ने के लिए तैयार हैं। वो आगामी टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर टी20 टीम में वापसी करने की योजना बना रहे हैं। शाकिब इस समय आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान पिछले महीने लगी उंगली की चोट से जूझ रहे हैं। वो अपना इरादा बना चुके हैं कि वो फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देंगे और उनकी रणनीति खेल के तीनों प्रारूपों में अपने देश के लिए खेलना है।

## पहले नेत्रहीन महिला टी-20 मैच में भारत ने नेपाल को 8 रन से हराया

**एजेंसी। मुंबई**

बिनीता पुन की 92 रनों की साहसिक पारी बेकार चली गई, क्योंकि भारत ने यहां पुलिस जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में पहली बार नेत्रहीन महिला द्विपक्षीय टी20 सीरीज में नेपाल को 8 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 194/4 रन बनाए और फिर नेपाल को 186/4 पर रोक दिया क्योंकि मेहमान लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहे। सोमवार की जीत के साथ, भारत ने नेत्रहीन महिलाओं की द्विपक्षीय



श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली है। 195 रनों का पीछा करते हुए, नेपाल ने भारतीय गेंदबाजों पर पूरी तरह से हमला बोल दिया, क्योंकि बिनीता पुन ने सनसनीखेज अर्धशतक लगाया और मेहमान टीम ने 11 ओवर में 100 रन बनाए। नेपाल ने 12वें ओवर में मनकेशी चौधरी का विकेट जरूर गंवाया, हालांकि बिनीता ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 18वें ओवर में स्कोर 170 रन तक पहुंचा दिया।

## व्यापार

# 15 दिसंबर तक अपने अग्रिम कर की तीसरी किस्त का करें भुगतान : आयकर विभाग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एडवांस टैक्स (अग्रिम कर) की तीसरी किस्त का भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है। आयकर विभाग ने करदाताओं को समय पर अपने अग्रिम कर की किस्त का भुगतान करने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं से अपील की है कि वे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 15 दिसंबर, 2023 तक अपने अग्रिम कर की तीसरी किस्त का भुगतान करना अवश्य याद रखें। यदि आप अग्रिम कर भरने से चूकते हैं, तो आपको पेनाल्टी चुकानी पड़ेगी। इतना ही नहीं, विलंब के लिए आपको ब्याज भी चुकाना पड़ेगा।

**किसे चुकाना होता है अग्रिम कर :** आयकर अधिनियम की धारा 208 के मुताबिक एडवांस टैक्स उन लोगों को चुकाना होता है, जिनकी टैक्स देनदारी 10 हजार रुपये से अधिक होती है। यह नौकरीपेशा लोग, फ्रीलांसर, व्यापारियों और अन्य किसी तरह से पैसे कमाने वाले लोगों पर लागू होता है। हालांकि, अगर आपकी उम्र 60 साल से अधिक है, जो किसी तरह के बिजनेस नहीं करते हैं, उन्हें एडवांस टैक्स से छूट मिली हुई है।




**क्या होता है अग्रिम कर :** अग्रिम कर एक तरह का इनकम टैक्स ही होता है, जो चालू वित्त वर्ष के खत्म होने से पहले ही आयकर विभाग के पास करदाताओं को जमा करना होता है। इसे सामान्य टैक्स की तरह सालाना आधार पर एकमुश्त नहीं चुकाया जाता है बल्कि किस्तों में जमा किया जाता है। इसके तहत टैक्सपेयर्स एडवांस में ही टैक्स आयकर विभाग के पास जमा करते हैं।


### बाजार को अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार

**नई दिल्ली।** बाजार मंगलवार रात को अमेरिका से आने वाले मुद्रास्फीति डेटा और बुधवार को फेडरल रिजर्व के बयान पर नजर रखेगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 32 अंक गिरकर 69,896 अंक पर कारोबार कर रहा है। एलएंडटी, मारुति 1 फीसदी नीचे हैं। उन्होंने कहा, बाजार में एक महत्वपूर्ण रुझान पीएसयू बैंकों और कुछ प्रमुख निजी बैंकों वाले सेक्टर में हो रहा संचय है। बाजार में तेजी का समर्थन करने वाले मूलभूत कारक कई हैं तीसरी तिमाही में जीडीपी विकास दर 7.6 प्रतिशत, सीपीआई मुद्रास्फीति में 4.87 प्रतिशत तक गिरावट, विनिर्माण पीएमआई 56 तक, ब्रेंट क्रूड 76 डॉलर तक नीचे और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड में 4.23 प्रतिशत तक सुधार इसके चलते एफपीआई खरीदारी कर रहे हैं।

## लिंच बने ब्लैकबेरी के नए सीईओ

**एजेंसी। टोरंटो**

ब्लैकबेरी ने जॉन जे जियामाटेओ को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक मंडल का सदस्य नियुक्त करने की घोषणा की है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। रिचर्ड (डिक) लिंच, जिन्होंने 4 नवंबर से अंतरिम सीईओ के रूप में कार्य किया, बोर्ड अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि वह आईओटी और साइबर सुरक्षा व्यवसायों को अलग कर देगी, और वे पूरी तरह से स्टैंडअलोन डिवीजनों के रूप में काम करेंगे। ब्लैकबेरी ने कहा कि वह अब आईओटी व्यवसाय की सहायक आईपीओ को आगे नहीं बढ़ाएगा। ब्लैकबेरी बोर्ड की मुआवजा, नामांकन और गवर्नेंस समिति के अध्यक्ष माइक डेनियल ने कहा, जियामाटेओ के गहन उद्योग अनुभव और प्रेरक टीमों के उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड और परिचालन उत्कृष्टता प्रदान करने का मतलब है कि वह ब्लैकबेरी के इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को चलाने के लिए मजबूती से तैनात हैं। जियामाटेओ ने अक्टूबर 2021 से ब्लैकबेरी की साइबर सुरक्षा व्यवसाय



इकाई के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। उनके पास वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। ब्लैकबेरी से पहले, वह मैक्एफी में अध्यक्ष और मुख्य राजस्व अधिकारी थे। जियामाटेओ ने कहा, मैं सीईओ के रूप में ब्लैकबेरी के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। ब्लैकबेरी के आईओटी और साइबर सुरक्षा व्यवसायों के पास बाजार-अग्रणी तकनीक, असाधारण टीमें और बड़े बाजार अवसर हैं। उन्होंने इंटरनेट और मोबाइल सुरक्षा के अग्रणी प्रदाता एवीजी टेक्नोलॉजीज में मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में भी काम किया और सोलेरा, रियलनेटवर्क्स और नॉर्टेल नेटवर्क्स के साथ नेतृत्व पदों पर रहे।

## घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती तेजी के बाद बढ़ा दबाव

# सेंसेक्स-निफ्टी का ओपनिंग में नया रिकॉर्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती तेजी के बाद दबाव का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। सेंसेक्स ने पहली बार 70 हजार अंक के ऊपर और निफ्टी ने 21 हजार अंक के ऊपर से कारोबार की शुरूआत की। हालांकि शुरूआती कारोबार में ही मुनाफावसूली का दबाव बन जाने के कारण इन दोनों सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ नजर आ रहा है। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, एचडीएफसी लाइफ, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प और टीसीएस के शेयर 2.38 प्रतिशत से



लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीपीसीएल, लार्सन एंड टुब्रो, आयशर मोटर्स, भारती एयरटेल और कोल इंडिया के शेयर 3.39 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,033 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,350 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 683 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 92.15 अंक की उछाल के साथ 70,020.68 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार चढ़ाव होता नजर आया। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 70,033.64 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये लाल निशान में 69,889.24 अंक के स्तर तक लुढ़क भी गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 19.63 अंक की कमजोरी के साथ 69,908.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 21.45 अंक की बढ़त के साथ 21,018.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही इस सूचकांक की चाल भी खरीदारों और बिकवालों की खींचतान के कारण ऊपर नीचे होने लगी।

### स्पाइसजेट इक्विटी के जरिए जुटाएगी 2,250 करोड़, बोर्ड ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रही एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट इक्विटी शेयर जारी करके 2,250 करोड़ रुपये की नई पूंजी जुटाएगी। स्पाइसजेट के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर इक्विटी शेयर और वारंट जारी करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि स्पाइसजेट बोर्ड ने इक्विटी शेयर और वारंट के जरिए रकम जुटाने को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने 32 करोड़ शेयर जारी करने की मंजूरी दी है। इस राशि से कंपनी को अपनी उपस्थिति और बाजार पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। शेयर बाजार को दी गई इस जानकारी के बाद कंपनी के शेयरों में 8 फीसदी तक की गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में एयरलाइन को 428 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। इससे पिछले साल की अवधि में उसका शुद्ध घाटा 835 करोड़ रुपये था।

## ओयो ने राकेश कुमार को नया सीएफओ बनाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी मेजर ओयो ने मंगलवार को राकेश कुमार को मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त करने की घोषणा की, जो 1 जनवरी से प्रभावी होगा। वर्तमान सीएफओ अभिषेक गुप्ता एडवाइजरी और मेंटरशिप कैपेसिटी में ओयो के साथ बने रहेंगे। वर्तमान में कंपनी के उप मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत, कुमार सभी बाजारों के लिए व्यवसाय वित्त और अन्य प्रमुख भूमिकाओं सहित प्रमुख वित्तीय कार्यों की देखरेख करते हैं। कुमार ने कहा, "ओयो के साथ मेरा सफर बड़े अवसरों के साथ-साथ दिलचस्प चुनौतियों से भी भरा रहा है। मैं इन जटिलताओं से निपटने के लिए मुझ पर रखे गए भरोसे की सराहना करता हूं।' कंपनी ने यह भी घोषणा की कि ग्लोबल चीफ बिजनेस ऑफिसर और सीईओ एसईएएमई अंकित टंडन एम एंड ए के साथ-साथ एफपी एंड ए (वित्तीय योजना और विश्लेषण) फंक्शन सहित इंवेस्टर्स रिलेशन्स के



भी प्रमुख होंगे। ओयो में अपने पिछले छह सालों में, कुमार ने महामारी के दौरान कंपनी की वित्तीय स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी नई भूमिका में, वह फाइनेंशियल स्ट्रैटेजी और ऑपरेशनल एफिशिएंसी को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। ओयो में शामिल होने से पहले, कुमार ने ईवाई के साथ काम किया, जहां उन्होंने स्टेट्यूटरी ऑडिट, टैक्स ऑडिट, आईएफआरएस कंप्लायंस और आईपीओ से संबंधित कार्यों सहित सर्विस की एक विस्तृत श्रृंखला में योगदान दिया। ओयो के संस्थापक और सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, "उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब हम लाभप्रदता बढ़ाने और अपनी वित्तीय नींव को मजबूत करने के उपायों को लागू करना जारी रख रहे हैं।

### एनएसई-सूचीबद्ध 2000 कंपनियों में से केवल पांच प्रतिशत में महिला सीईओ

**रांची।** अनुदान देने वाले संगठन एडलगिव फाउंडेशन ने वित्त और अर्थशास्त्र में महिलाओं के नेतृत्व के रास्ते पर एक अध्ययन जारी किया। रिपोर्ट भारत में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिकाओं की धीमी प्रगति पर प्रकाश डालती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध 2000 में से केवल 100 यानि 5 प्रतिशत कंपनियों में महिलाएं सीईओ हैं। रिपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रसिद्ध पत्रकार फे डिसूजा और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद, भारत सरकार की शमिका रवि के बीच एक बातचीत भी शामिल थी। इस व्यापक अध्ययन में माध्यमिक स्तर पर किए गए विस्तृत शोध के साथ-साथ, विभिन्न उद्योगों में वरिष्ठ वित्त भूमिकाओं (जैसे, सीएफओ, ऑडिट प्रमुख) में 55 महिला पेशेवरों के साथ गहन साक्षात्कार भी शामिल है। मूल अनुभव से आत्मसात कार्यस्थल की चुनौतियों से संबंधित मूल्यवान जो उनके पेशेवर विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यापक समर्थन और संसाधनों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।